# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र






वर्ष–01 अंक–21 अमरोहा उत्तर प्रदेश www.sabkasapna.com सोमवार ● 08 अप्रैल से 14 अप्रैल 2024 पेज–08 मूल्य 5 रुपये


जरूर पढ़ें

## इस बार अप्रैल में ही झुलसाएगी गर्मी

**नई दिल्ली,** आईएमडी ने कहा है कि पूर्व और उत्तर–पूर्व के कुछ हिस्सों और उत्तर–पश्चिम के कुछ हिस्सों को छोड़कर भारत के ज्यादातर इलाकों में अप्रैल महीने में गर्मी ज्यादा पड़ेगी और अधिकतम –न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहेगा। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक भीषण गर्मी पड़ने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में यह महीना और भी अधिक गर्म रहने वाला है। आईएमडी के मुताबिक तेलंगाना, कर्नाटक और रायलसीमा के अलग–अलग स्थानों पर हीटवेव चलने की संभावना है। उत्तर–पश्चिम मध्य भारत, पूर्वी भारत और उत्तर–पश्चिमी मैदानी इलाकों के कुछ हिस्सों में गर्मी की लहर ज्यादा देखने को मिलेगी और तपिश महसूस होगी। उत्तराखंड के पहाड़ी हिस्सों में सोमवार की सुबह बर्फबारी देखने को मिली, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# शाही परिवार ने ठुकराया राम मंदिर का न्यौता

## पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आगे कहा कि मैंने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है।

बस्तर, एजेंसियां

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को चुनाव प्रचार करने के लिए छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरतों को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने कभी गरीबी की चिंता नहीं की, उसकी परेशानियों को नहीं समझा। कांग्रेस परिवार के अमीरों को कभी महंगाई का मतलब समझ ही नहीं आया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले लाखों करोड़ों रुपये के घोटाले होते थे। कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया निकलता था और सिर्फ 15 पैसे गांव में पहुंचते थे। बीच में कांग्रेस 80 पैसे खुद लूट लेती थी।



पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आगे कहा कि मैंने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। भाजपा सरकार ने अपने 10 साल में 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, 'मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की, तबसे इनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। ये मोदी पर भड़के हुए हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है। यहां के युवाओं को जिन्होंने धोखा दिया है, उनकी तेजी से जांच चल रही है।'

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अब नाराज होकर ये लाठी से मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मोदी गरीब का बेटा है, सिर ऊंचा रखकर चलता है, मैं इनकी धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। मोदी के लिए तो मेरा भारत, मेरा परिवार है। मैं अपने देश को, अपने परिवार को लूटपाट से बचाने में जुटा हूं। ये मोदी को कितनी भी धमकियां दे दें, भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा। ये मोदी की गारंटी है। 500 साल बाद ये सपना पूरा हुआ, तो इसकी सबसे अधिक खुशी प्रभु राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ को होना बहुत स्वाभाविक है लेकिन कांग्रेस और कठउक गठबंधन राम मंदिर बनने से बहुत नाराज हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता ठुकरा दिया। कांग्रेस के जिन नेताओं ने इस कदम को गलत बताया, उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया। ये दिखाता है कि कांग्रेस तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद को पार कर सकती है।






# चुनाव से पहले कितने लोग जेल जाएंगे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसियां



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर सत्ताई दुरईमुरुगन की जमानत बहाल कर दी। दुरईमुरुगन पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर अपमानजनक टिप्पणियों वाले वीडियो पोस्ट करने का आरोप है।

हाई कोर्ट द्वारा अंतरिम जमानत रद्द किए जाने के बाद दुरईमुरुगन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए कहा कि अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले सभी लोगों को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देते हैं, तो कल्पना करें कि कितने लोग जेल जाएंगे? सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि दुरईमुरुगन विरोध या विचारों की अभिव्यक्ति के माध्यम से अपनी स्वतंत्रता का दुरुपयोग किए बिना ढाई साल से अधिक समय से जमानत पर थे। पीठ ने दुरईमुरुगन की जमानत रद्द करने के हाई कोर्ट के आदेश को निर्णायक रूप से रद्द कर दिया और इसे देने के प्रारंभिक निर्णय को बहाल कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हमें जमानत रद्द करने का कोई आधार नहीं मिला। इस तरह जमानत देने से इनकार करने वाले हाई कोर्ट के आदेश को रद्द करते हैं और जमानत देने के पहले के आदेश को बहाल करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि भविष्य की परिस्थितियों में ऐसी कार्रवाई की आवश्यकता होती है, तो जमानत रद्द करने का विकल्प उपलब्ध रहता है।










# त्रिदेव बूथ सम्मेलन में पहुंचे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

## विपक्ष पर जमकर साधा निशाना, भ्रष्टाचार को लेकर पिछली सरकारों को घेरा

अमरोहा। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में त्रिदेव बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया इसके अलावा उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा, उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव का नाम लेते हुए पिछली सरकारों में हुई गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार को लेकर पिछली सरकारों को घेरा, और चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की, केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि जब कोई बीमार पड़ जाता था सबसे पहले गरीबों का मां बेटी का गहना बिकता था फिर उसका घर बिकता था फिर उसकी खेती बिकती थी लेकिन नरेंद्र मोदी जी ने आयुष्मान भारत कार्ड लाकर के 5 लाख तक का निशुल्क इलाज देने की गारंटी देने का काम देश और प्रदेश के हर गरीब को देने का काम किया आज उत्तर प्रदेश राज्य आयुष्मान कार्ड नंबर एक पर है पूरे देश में पहले इतने मेडिकल कॉलेज नहीं होते थे मेडिकल कॉलेज बड़े शहरों में होते थे लेकिन माननीय मोदी जी ने तय किया 75 के 75 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलेंगे 2017 के पहले मात्र 17 मेडिकल कॉलेज थे लेकिन आज 65 मेडिकल कॉलेज पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं और केवल 14 जिले बचे हैं जहां मेडिकल कॉलेज खोले जाने की कार्रवाही चल रही है कुछ दिनों के बाद उनका उद्घाटन होगा 75 के 75 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज बनकर के तैयार रहेंगे और कहा टूटी सड़के होती थीं लगता था उत्तर प्रदेश की सीमा आ गई लेकिन आज उत्तर प्रदेश राज्य में 75 जिलों को फोर लाइन से जोड़ा गया है 2 लाख 72 हजार किलोमीटर पक्की सड़के बना करके एक कीर्तिमान स्थापित करने का कार्य राज्य की सरकार ने किया माननीय मोदी जी के मार्गदर्शन में 6 एक्सप्रेसवे भी हमारे उत्तरप्रदेश में काम कर रहे हैं जो सर्वाधिक भारतवर्ष में नंबर एक पर उत्तर प्रदेश राज्य है, हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश को चौमुखी विकास की और गति देने का काम किया है माननीय मोदी जी के नेतृत्व में इसके अलावा उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा अमरोहा लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी और आदरणीय कंवर सिंह तंवर एक तरफ़ा चुनाव जीत रहे हैं यहां विपक्ष लड़ाई में ही नहीं है जनता ने विपक्ष को नकार दिया है उनके नीतियों को उनके ऐजेंडो को जनता ने नकार दिया है माननीय प्रधानमंत्री जी की गरीब कल्याण योजनाओं ने जन–जन में पैठ बनाई है लोगों का भरोसा भारतीय जनता पार्टी के प्रति लगातार बढ़ रहा है और कंवर सिंह तंवर साहब ने जिस ढंग से लगातार जनता की सेवा की है कोरोना महामारी के काल से लेकर अब तक हर वर्ष वह गरीब बेटियों की शादी अपनी बेटियों की तरह करते हैं, मैं कंवर सिंह तंवर साहब का बहुत–बहुत अभिनंदन करता हूं और इन्हें बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास के आधार पर काम करती है हम सबको साथ लेकर चलते हैं और उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीत रही है।




एक नजर

## अमरोहा पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य




अमरोहा। लोकसभा चुनाव को लेकर नेताओं का तूफानी दौरा शुरू हो चुका है वही जो अमरोहा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में लोगों से वोट की अपील करने के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में अभन किया था। वही जिसके बाद प्रदेश के डिप्टी केशव प्रसाद मौर्य अमरोहा के जोया में स्थित एक निजी बैंकट हॉल में पहुंचे। जहां लोकसभा के सभी भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर एवं कार्यकर्ताओं ने किया फूल माला उसे जोरदार स्वागत। जनसभा को संबोधित करते हुए डिप्टी केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है। न जाने कितनी सरकार है बनकर जा चुकी हैं लेकिन इतना विकास किसी भी सरकार में नहीं हुआ जितना विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कार्यकाल में हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में गरीब लोगों के लिए आवास, गरीबों के लिए निशुल्क राशन, गरीबों के लिए आयुष्मान कार्ड, के साथ ही देश में एक्सप्रेस भी कभी निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली पहुंचते हुए लोगों को कई घंटे लग जाते थे। लेकिन जब से एक्सप्रेस में बना है। अब लोग कम समय में दिल्ली का सफर तय करते हैं। इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का जनता से आवाहन किया है। इसी के साथ उन्होंने अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में लोगों से वोट की अपील की है।

## बसपा प्रत्याशी ने दर्जनभर गांवों का किया दौरा



**अमरोहा।** अमरोहा लोकसभा के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. चौ मुजाहिद हुसैन ने अमरोहा विधानसभा के एक दर्जन से अधिक ग्रामों का दौरा किया। साथ ही 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान वोटों देने की अपील की। प्रत्याशी डॉ. चौ मुजाहिद हुसैन का जनता ने फूल मालाओं से इस्तकबाल व स्वागत किया। भरोसा दिलाया के वोट केवल बसपा को ही जायेगा। ग्राम सरकड़ी अज़ीज, तोहफ़ापुर, इकौंदा, सलामतपुर, कालाखेड़ा, सरकड़ा कमाल, गजरौला प्रभुवन आदि ग्रामों में तूफानी दौरा किया।

## जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने को चलायेगा अभियान



**अमरोहा।** मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र जी की अध्यक्षता में अपर जिला अधिकारी न्यायिकमाया शकंर यादव जी की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के दृष्टिगत ब्रह्द जागरूकता अभियान चलाए जाने के संबंध में जनपद के सभी राजकीय इंटर कॉलेज व एडेड इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य व मतदाता जागरुकता कमेटी के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई।

जिसमें किस प्रकार से जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जाए इसके लिए कौन–कौन से कार्यक्रम आयोजित किया जाए किस प्रकार आने वाले 26 तारीख को मतदान करने के लिए लोगों को अधिक से अधिक प्रेरित किया जा सके इसके संबंध में विचार विमर्श कर रूपरेखा तैयार की गई। इस मतदाता जागरूकता के अभियान के तहत सभी ने अपने–अपने सुझाव दिए। मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्विनी कुमार मिश्र जी ने कहा कि सभी शैक्षणिक संस्थाओं को पूरे मनोयोग से इस कार्यक्रम में लगना होगा तभी जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है कहा कि जो कार्यक्रम मतदाता जागरूकता से संबंधित आयोजित होगा उसमें सभी को बढ़–चढ़कर भाग लेना होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मतदाता का जागरूकता कार्यक्रम के तहत 9 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2024 तक विभिन्न तिथियों पर अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित होंगे। 9 अप्रैल 2024 से 24 अप्रैल 2024 तक प्रत्येक कार्यदिवस को सभी शैक्षणिक संस्थानों में प्रार्थना सभा में मतदान करने की अपील की जाएगी। इसी प्रकार 10 अप्रैल को जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में दिव्यांग रैली का आयोजन किया जाएगा। 12 अप्रैल को जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में एनसीसी छै कैडेट द्वारा रैली का आयोजन किया जाएगा साथ ही साथ 12 अप्रैल 2024 को ही 60ः से कम मतदान वाले बूथ पर मतदान जागरूकता हेतु ठस्व् एवं वार्ड मेंबरों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 13 अप्रैल को प्रारूप 12 व 12 क भरकर समस्त तहसीलों में जमा करना एवं अभिभावकों के संकल्प पत्र भरकर जमा करना यह कार्य समस्त बेसिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा सहित समस्त शैक्षिक संस्थानों में होगा। 15 अप्रैल को स्कूल बसों सरकारी बसों टैक्सी टेंपो ई रिक्शा आदि वाहनों पर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान हेतु सटीकर लगाकर जागरूकता फैलाया जाएगा। 16 अप्रैल को कलक्ट्रेट परसर में मतदाता जागरूकता हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

18 अप्रैल 2024 को मतदान की पूर्ण प्रक्रिया डमी मतदान म्टड मतदाता प्रशिक्षण में वीडियो दिखाकर जागरूक करना। साथ ही 18 अप्रैल को ही पंचायत भवनों पर निरक्षर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के संबंध में मतदान प्रक्रिया को समझाना। 19 अप्रैल 2024 को मिनी स्टेडियम गांधी मूर्ति में पतंग प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता में मेहंदी एवं खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रमों का आयोजन होगा।




## बच्चों ने राज्य स्तर पर विजयी होकर अमरोहा का किया नाम रोशन

**अमरोहा।** क्रीड़ा भारती अमरोहा और खो खो संघ अमरोहा के तत्वाधान में खिलाड़ी सम्मान समारोह से संपूर्ण हुआ।

कबड्डी प्रतियोगिता बालिका वर्ग में रजनी ,राखी ,बबीता, मोनी, प्रियंका, मोनिका, चंचल, मीनाक्षी उजाला ,कम्पोजिट विधायला रामपुरा सुल्तान पुर, ब्लॉक– धनौरा, कोच– राजकुमार जी, शूरवीर,

**खो खो बालक वर्गः** लक्की, मो॰ अल्तमश, वंश सुहेल, सानिब, आर्यन, कम्पोजिट विद्यालय रायपुर शहजादपुर,जोया-खो खो माध्यमिक बालक वर्ग –

अतुल कुमार खो खो मिनी क्रीड़ा (राज्य स्तर)बालिका वर्ग–

सुहाना, पलक, सृष्टि, सुनैना

कम्पोजिट विद्यालय कैलसा, ब्लॉक – जोया इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद जी ने बच्चों का प्रोत्साहन बढ़ाते हुए कहा की बच्चों ने राज्य स्तर पर विजयी होकर अमरोहा का नाम रोशन किया है साथ ही समस्त कोच एवं क्रीड़ा भारती टीम के कार्य कि सराहना की। दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज गोयल जी ने कहा की विभाग को जब भी मेरी आवश्यकता हो मैं और मेरा विद्यालय आपकी मदद के लिये सदैव तैयार है। क्रीड़ा भारती के ज़िलाअध्यक्ष और खो खो संघ के सचिव पुरुजीत सिंह ने सभी अतिथियों , कोच एवं बच्चों का धन्यवाद देते हुए आगे भी ऐसे ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहन बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयासरत होने की बात कही।इस कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के ज़िलाअध्यक्ष और खो खो संघ अमरोहा के सचिव पुरुजीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ,महिला उपाध्यक्ष प्रियंका प्रजापति, लक्ष्य त्यागी, जयदीप, राजकुमार, सीमा सिंह, पूजा रवि, कोमल, डॉ विजेंदर सिंह, अजय बामल, कंचन सिंह देवेंद्र सिंह निर्भय विष्णोई आदि ने कार्यक्रम में अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## सीएससी रजपुरा में तड़पता रहा घायल, नहीं मिला इलाज




**अमरोहा।** संभल / रजपुरा सीएचसी प्रभारी मनमोहन शर्मा की मरीजों के साथ दुर्व्यवहारों करने की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं। ऐसा एक मामला 7 अप्रेल 2024 की रात को सामने आया है, बता दें संभल के गांव सारंगपुर निवासी ब्रजेश कुमार और उसके साथी रामवीर सड़क दुर्घटना मे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्तियों को परिवारजन रजपुरा सीएचसी मे लेकर गए जहाँ घायलों को न तो उपचार मिला, ना ही रेफर किया गया, घायल व्यक्ति सीएचसी मे पड़े तड़पते रहे इलाज के आभाव मे बृजेश कुमार की मृत्यु हो गई, परिवारजनों और अस्पताल में मौजूद लोगों का आरोप है कि डॉक्टर मनमोहन शर्मा शराब के नशे मे धुत थे, परिवार बालों के द्वारा घायलों के इलाज करने को कहा तो डॉक्टर ने उन्हें धक्का मारकर बाहर कर दिया। रजपुरा सीएचसी प्रभारी मनमोहन शर्मा के खिलाफ पहले भी तमाम आरोप लगते रहे हैं मगर उनके विरुद्ध संभल स्वास्थ्य विभाग ने किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही कि गंई।

## द आर्यन्स में पहुंचे दिल्ली के उपराज्यपाल

**अमरोहा,**

अमरोहा। जनपद अमरोहा के अग्रणी शिक्षण संस्थान द आर्यन्स,जोया में आज दिनांक 5 अप्रैल 2024 को बतौर मुख्य अतिथि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व संगीता सक्सेना, सुरेंद्र सिंह सचिव,सोनिका सिंह निजी सचिव, मिहिर सक्सेना एऽडीऽसीऽ, रवि कौशिक, सहायक निदेशक का आगमन हुआ। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह, अनिल कुमार सिंह, निदेशक अमन लिट्ट व प्रधानाचार्य आदेश सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दिव्या, रिया, कशिश, तन्वी चौधरी, प्रज्ञा मिश्रा,गुनिका, अक्षी चौधरी, खुशमनप्रीत कौर, अंशिका,हिमांशी,वान्या त्यागी, हिमांशी लावत और अरुणिमा शर्मा आदि छात्र–छात्राओं के द्वारा पुष्प वर्षा और तिलक से किया गया। जिसमें उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा उंचा लक्ष्य रखते हुए कड़ी मेहनत और परिश्रम के बदौलत उसे प्राप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आज के छात्र भविष्य में देश और समाज का नेतृत्व करेंगे। अपनी योग्यता और परिश्रम के बल पर देश एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करें। उपराज्यपाल ने कहा कि समय का उचित प्रबंधन करते हुए अपने अपने अन्दर हमेशा सकारात्मक विचारों को स्थान दें। उपराज्यपाल ने कहा कि एक अच्छा नागरिक बनकर देश और राष्ट्र निर्माण के लिए योगदान दें। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी सभ्यता और संस्कृति के साथ जुड़ते हुए नैतिक शिक्षा प्राप्त करें। छात्र समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे।

उन्होंने बच्चों से सादगी, दया, करुणा और विनम्रता जैसे गुणों को सदैव अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपने माता–पिता, अपने अध्यापकों और दोस्तों का सदैव सम्मान करें और उन्हें हमेशा याद रखें। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक चौधरी हरपाल सिंह व अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से उपराज्यपाल व अन्य अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा की समाज के वंचित और हाशिए पर मौजूद वर्गों की सेवा करने के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर मुझे विश्वास है कि द आर्यस संस्था बच्चों को व्यापक और समग्र शिक्षा प्रदान करना जारी रखेगी इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियां गिनाई। इस मौके पर सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती : रामवीर सिंह

**अमरोहा।** जनपद अमरोहा के हसनपुर कोट खेवान स्थित चौधरी **TR.** पब्लिक मेमोरियल स्कूल में अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने की एवं संचालन अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने किया।



अंबेडकर जयंती की बैठक को संबोधित करते हुए जयंती के अध्यक्ष रामवीर जी ने कहा कि इस बार अंबेडकर जयंती बड़े ही हर्षोल्लाह एवं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। बुलंदशहर के मिशनरी गायक मास्टर रविंद्र सिंह खह्लौर के द्वारा बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रस्तुति देकर उनका गुणगान किया जाएगा ?। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक माननीय महेंद्र सिंह खड़कवंशी मौजूद रहेंगे। जबकि शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर वरिष्ठ समाज संतोष अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर,नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हेम सिंह आर्य रवाना करेंगे। मंच कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कमलेश आर्य पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत करेंगी ।इसके अलावा मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर ओंकार सिंह, मुजाहिद चौधरी एडवोकेट मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख हसनपुर श्रीमती ममता गुर्जर, ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र सिंह खड़कवंशी, व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल,मौ.तालिब खान, पंडित मोहित शर्मा, सतपाल सिंह एसडीओ, डॉक्टर सुशील कुमार प्रोफेसर, विनीत कुमार शाखा प्रबंधक हसनपुर, चंद्रपाल सैनी, रामपाल सिंह,डा.दीपक कुमार, यशपाल सिंह, शाहनवाज अंसारी आदि मौजूद रहेंगे।

बैठक को संबोधित करते हुए चौधरी ळफमेमोरियल पब्लिक स्कूल के संचालक चमन लाल ने कहा कि इस बार अंबेडकर जयंती को भव्य तरीके से मनाने के लिए शहर की पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी तादाद में प्रतिभाग करेंगे। अंबेडकर जयंती पर चढ़कर प्रतिभाग करने का आवाहन शहर वासियों से किया और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। कहा की इस बार अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, जयंती के संयोजक महिपाल सिंह, महासचिव सुशील भगत जी,कोषाध्यक्ष करणवीर सिंह, हाजी मसरूर, नवाब सैफी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवल कुमार, उपाध्यक्ष जगदीश सिंह मौर्य,श्रीमती चंचल सागर, संजीव कुमार, उमेश कुमार मुखिया,सोम सिंह आदि मौजूद रहे।

# अलग–अलग जगह निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली





**रहरा/अमरोहाः** विकास खंड में व्यापक तौर पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चला कर लोगों को मतदान के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। निर्वाचनों में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूर्ण करने मे समूह सखी महिलाएं भी मतदाता जागरूकता की अलख जगा रही है। विकास खंड गंगेशरी की अलग अलग ग्राम पंचायतो में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगेश्वरी, उकाबली, पतेई खादर, गागटकोला में आज मतदाता जागरूकता रैली मे पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही गई। वहीं इस दौरान मतदाताओं को 100% मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम में समस्त बीएमएम, एडीओ आईएसबी, बैंक सखी, समूह सखी, आदि उपस्थित रहीं।



## अंबेडकर जयंती में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करें महिलाएं:चंचल

**अमरोहा/यूपीः–** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की एक बैठक राजपूत कॉलोनी में स्थित समाज सेविका चंचल सागर के मकान पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अंबेडकर विकास के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने की एवं संचालन अम्बेडकर जयंती के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने किया।

बैठक में बोलते हुए वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती चंचल सागर ने कहा कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती की शोभायात्रा एवं मंच कार्यक्रम में महिलाएं बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें। डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने महिलाओं के हितों में बहुत सारे ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अतः महिला वर्ग को शोभायात्रा एवं मंच कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। उन्होंने शहर की महिलाओं एवं लड़कियों को जागरूक करने के लिए एक बुलावा टोली का गठन भी किया है, जो घर–घर जाकर अंबेडकर जयंती के संबंध में बाबा साहब की जयंती पर महिलाओं को जागरूक करेगी ताकि इस बार महिलाओं की भागीदारी बहुत ही अधिक हो सके।

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि नगर हसनपुर में समस्त मोहल्लों में सम्मानित लोगों को घर–घर जाकर निमंत्रण पत्र सौंपा जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग अंबेडकर जयंती शोभा यात्रा एवं मंच कार्यक्रम में प्रतिभाग करें। इसके अलावा शहर के आसपास के गांव से भी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

इस बार अंबेडकर जयंती का कार्यक्रम बहुत ही विशाल एवं भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा । उन्होंने बाबा साहब के जीवन परिचय से संबंधित शोभायात्रा में एक से बढ़कर एक झांकी के संचालन की बात कही और साथ ही मंच कार्यक्रम पर महाशय रविंद्र खल्लौर भीम मिशनरी गायक के द्वारा बाबा साहब के जीवन परिचय का वृतांत रागनियों के माध्यम से मंच पर प्रस्तुति दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि नगर में शिक्षा, चिकित्सा, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले सम्मानित व्यक्तियों को मंच कार्यक्रम में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा अभी हाल ही में यूपीएससी में 39 वीं रैंक लेकर एसडीएम बनी क्षेत्र की बेटी निधि सागर के माता पिता को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, संयोजक महीपाल सिंह, नवाब सैफी, उमेश कुमार मुखिया, मदनपाल, हाजी मसरूर, सुशील भगत जी, पवन राज जाटव, करणवीर सिंह,संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

## अंधविश्वास और रूढ़िवादी परम्पराओं के खात्मे को शिक्षा ज़रूरी इरकान मलिक



**अमरोहा/यूपीः–** अखिल भारतीय तेली महापंचायत उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन मंत्री इरकान मलिक ने कहा कि तेली मलिक समाज में पिछले दो दशक से शिक्षा का स्तर काफ़ी तेज़ी से बढ़ा है जिसके लिए समाज और शिक्षा को बढ़ावा देने वाले बुद्धजीवी बधाई के पात्र हैं परन्तु समाज का शिक्षा पर और अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए संघर्ष किया जायेगा क्यों कि शिक्षा से समाज जागरूक होता और अंधविश्वास और रूढ़िवादी परम्पराओ से भी दूर हो जाता है।

जोया में तेली महा पंचायत के जिला अध्यक्ष नासिर अली के निवास पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम को सम्बोधित करने पहुँचे इरकान अली ने कहा कि समाज में शिक्षा से ही सरकारी सेवाओं में भागीदारी सुनिश्चित होती है और समाज को सार्थक दिशा मिलती है।

समाज को जागरूक बनाने में और अच्छे समाज का निर्माण करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जब हर व्यक्ति अच्छे काम करेगा और दूसरों को भी प्रेरित करेगा तो निश्चित रूप से समाज की उन्नति होगी और बदलाब भी दिखाई देगा।

अमरोहा अखिल भारतीय तेली महा पंचायत के जिला अध्यक्ष नासिर अली मलिक ने कहा कि हमारे तेली मलिक समाज का युवा वर्ग लक्ष्यहीन एवं अनिश्चित और भ्रमित एक चौराहे पर खड़ा है जो चिंता का विषय है । जबकि सामजिक, आर्थिक,शैक्षिक,और राजनैतिक समस्याओं को हल करने के लिए हमें युवाओ का दिमाग़ और उनकी ऊर्जा की सख्त ज़रूरत है युवाओं का शिक्षा ओर रोजगार का लक्ष्य निर्धारित किये बिना समाज तरक्की नहीं कर सकता कार्यक्रम मे नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का भी फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले माता–पिता व बहनोई पर मुकदमा दर्ज

**अमरोहा :** ागर पालिका के ठेकाकर्मी की मौत के मामले में पुलिस ने माता–पिता और बहनोई के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पत्नी की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए नौगांवा पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी का आरोप था कि उसके पति के हिस्से की जमीन सास ससुर ने अपने दामाद के नाम कर दी थी।

थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव देहरा निवासी भगवत उर्फ नकुल नगर पालिका अमरोहा में प्रकाश विभाग में ठेके के पद पर लाइनमैन था। उसकी शादी नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव जब्दा निवासी स्वाति के साथ हुई थी। परिवार में बेटा भानु प्रताप और बेटी काव्या है। फिलहाल भगवत मंडी धनौरा मार्ग पर एक किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह से काफी दिन से भगवत मानसिक रूप से परेशान था।

# केएम में हुआ शिक्षा,साहित्य और समाज पर व्याख्यान




**मथुरा।** साहित्य की ओट में ही काल विशेष की विशेषता छिपी रहती है, जिसे समय–समय पर साहित्यकार उद्घाटित करता है। शिक्षा जीवन में व्याप्त अंधकार को दूर कर हमारे जीवन में सामंजस्य स्थापित करती है तथा आत्मनिर्भर बनाती है। शिक्षित समाज ही उन्नति–प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता है। साहित्य शिक्षा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह साहित्य विभिन्न सांस्कृतिक विरासतों, ट्रेडिशंस, इतिहास, कला और संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा करता है। यह उद्गार प्रसिद्ध साहित्यकार शिवमूर्ति ने केएम विश्वविद्यालय के लैक्चर थियेटर में आयोजित शिक्षा, साहित्य और समाज विषय पर अतिथि–व्याख्यान में कही।

कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय में शिक्षा, साहित्य और समाज विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि साहित्यकार शिवमूर्ति, बीएसए कालेज के पूर्व प्रवक्ता डॉ अशोक बंसल, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, एसपी सुरक्षा बीबी चौरसिया, विवि के प्रो. वीसी डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, सब–रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक मनोज कुमार ओझा एवं डा. धर्मराज ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस दौरान विवि के शिक्षकों ने मुख्यअतिथियों का माल्यार्पण व पटुका पहनाकर स्वागत किया। साहित्यकार शिवमूर्ति ने छात्र–छात्राओं को शिक्षा, साहित्य एवं समाज पर प्रकाश डालते हुए समझाने का प्रयास किया कि विद्या नहीं तो कला नहीं, कला नहीं तो संगीत नहीं रखने वाला मनुष्य एक जानवर के सामान है, इसलिए शिक्षा नहीं तो साहित्य कहा, साहित्य नहीं तो समाज का निर्माण नहीं हो सकता है। विद्वान की पूजा पूरे विश्व में होती है।

पूर्व प्रो अशोक बंसल ने कहा प्रतिदिन पढ़े–लिखे और बोलने वाला हर छात्र जगत में चमकता है। जैसा समाज होता है वैसा ही हमारा साहित्य होता है। इस दौरान विद्यार्थियों तथा उपस्थित प्रोफेसर्स के जिज्ञासापूर्ण सवालों के जबाव दिए भी उन्होंने दिए।सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार ने कहा कि शिक्षा का समाज में हमेशा विशेष महत्व है, विद्या हमें संस्कार, नम्रता और धीरज सिखाती है, यदि शिक्षा प्रणाली अच्छी हो तो समाज का निर्माण अच्छा होता है। एसपी सुरक्षा ने साक्षरता और शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिक्षा वह है जो आप पढ़कर घर जाने पर, जो याद रह जाता है, वह शिक्षा है, अन्यथा आप साक्षर बन रहे हैं। व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं के चक्कर में शिक्षा छूट जाए यह गलत है।

कार्यक्रम में विवि के समस्त विभागों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें डीन ऑफ फैकल्टी डा. धर्मराज ने कहा साहित्य के माध्यम से विद्यार्थी एक विस्तृत दृष्टिकोण विकसित होता है, जो उन्हें समाज और संस्कृति के उच्च फलक व मानक पर बिठाने का कार्य करता है। कुलसचिव पूरन सिंह ने कहा कि जीवन के उच्चतम मानकों को समझने में शिक्षा, साहित्य और समाज मदद करते हैं तथा छात्रों को विभिन्न विचारों व मतों के प्रति समझदार बनाते हैं।

इस अवसर पर सीईओ डॉ मनोज ओझा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, विभागों के प्रोफेसर्स डॉ सुनील कुमार सिंह, प्रो शैलेन्द्र शर्मा, प्रो चन्देश कुमार, प्रो जगवीर सिंह, प्रो संजू बाला, प्रो सुमित शर्मा, डॉ विपिन सोलंकी, डॉ संतोष चतुर्वेदी, प्रो पंकज सारस्वत, प्रो करन सिंह, प्रो रूप शर्मा, प्रो साधना कटियार प्रो बेदवीर सिंह, प्रो अभिषेक, प्रो ललित सिंह, प्रो भूपेंद्र सिंह, प्रो नेत्रपाल सिंह, प्रो राजकुमार प्रो मनीष सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप खबरें

## अमरोहाः गंगा में नहाते वक्त बड़ा हादसा, तीन युवक डूबे...दो की मौत, एक को बचाया



**अमरोहा,** : तिगरी गंगा में डूबकर दो मौसेरे भाइयों की मौत हो गई। जबकि उनके रिश्ते के जीजा को बचा लिया गया। हालांकि उन्हें भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों भाई अपनी नानी की मौत होने के बाद अंतयेष्टि में शामिल होने आए थे। दा भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

यह मामला गजरौला थाना क्षेत्र के तिगरी गंगा का है। दरअसल मंडी धनौरा के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी बुजुर्ग महिला चन्द्रवती की मौत हो गई थी। गुरुवार को परिजन उनके अंतिम संस्कार के लिए तिगरी ले गए थे। मुखाग्नि के बाद सम्मिलित होने आए लोग व रिश्तेदार गंगा स्नान के लिए तट पर चले गए। चंद्रवती नोएडा निवासी पंकज की ददेरी सास थीं जबकि अमरोहा निवासी प्रिंस व नितिन भी यहां पहुंचे थे, चंद्रवती इनकी नानी लगतीं थीं। तीनों स्नान कर रहे थे। तभी ये गहरे पानी में पहुंच जाने के कारण डूबने लगे। पास में स्नान कर रहे अन्य रिश्तेदारों ने शोर मचाया तो स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें बचाने को गंगा में कूद पड़े।तीनों युवक पानी में पूरी तरह से डूब गए, गोताखोरों ने प्रयास करके पंकज को तो बचा लिया, मगर नितिन व प्रिंस का कुछ पता नहीं चला। काफी देर तक तलाश के बाद नितिन व प्रिंस भी मिल गए मगर तब तक उनकी मौत हो चुकी थी, हालांकि परिजन व पुलिस उनके जीवित होने की आस में सीएचसी भी लेकर पहुंचे, मगर डॉक्टर ने भी उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मां ललिता देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, टेका मत्था...मांगी सुख–शांति

**गजरौला ( अमरोहा ) ।** चैत्र माह के दूसरे मंगलवार को मां ललिता देवी के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी श्रद्धालुओं ने दरबार में फूल प्रसाद चढ़ाया एवं माथा टेक कर परिवार में सुख–शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने बच्चों का मुंडन संस्कार भी करवाया। शहर में स्थित सिद्धपीठ मां ललीता देवी मंदिर पर चैत्र माह के दूसरे मंगलवार को श्रद्धालुओं की बेहिसाब भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह में सूर्योदय के समय मंदिर गर्भगृह के कपाट जैसे ही खोले गए तो माता के दर्शन को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से दोपहर बाद तक माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। धक्का मुक्की के बीच श्रद्धालु दरबार में पहुंचे और माता रानी के दर्शन कर फूल प्रसाद, अनाज आदि अर्पित किया।

## पुलिस ने किया पैदल मार्च, लोकसभा चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**अमरोहा ।** सीओ और प्रभारी निरीक्षक ने पंजाब पुलिस के साथ पैदल मार्च कर लोकसभा चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान सीओ ने स्थानीय लोगों से वार्ता भी की।

सीओ अरुण कुमार और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पंजाब पुलिस के साथ शहर के टीपी नगर चौराहे से फ्लैग मार्च निकाला गया। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, व सकुशल संपन्न कराने को लेकर शहर की सड़कों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान सीओ ने लोगों से वार्ता कर बिना झझक के मतदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में कोई भी माहौल करने की खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह फ्लैग मार्च टीपी नगर चौराहा से होते हुए मोहल्ला बटवाल, कोर्ट चौराहा, आजाद रोड, गांधी मूर्ति से लेकर टीपी नगर चौराहा पर भी संपन्न हुआ।



## भाजपा नेता राशिद मलिक के आवास पर हुआ रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन





**अमरोहा :** ढवारसी स्थित भाजपा नेता व ख्वाजा ग्रुप के चैयरमैन जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा राशिद मलिक के घर पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार में पार्टी में काफी लोगों ने शिरकत की। इस दौरान सभी ने मुल्क में अमन चैन व तरक्की के लिए दुआ मांगी। वहीं रोजा इफ्तार पार्टी में बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वासित अली भी मौजूद रहे। अजान शुरू होने से पहले सभी ने खजूर खाकर रोजा इफ्तार किया। उसके बाद अन्य खान पान की चीजों का सेवन किया। इस मौके पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर वासित अली, अमरोहा प्रभारी वशीम अल्वी, गढ़ प्रभारी डॉक्टर अब्दुल, जिहान कलेकशन के ऑनर अरशद मलिक, जावेद अख्तर उर्फ राजा भैया, डॉ. फेजान विकार, मोहमद आरिफ ग्राम प्रधान, इसरार चौधरी, मोंटी त्यागी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 24 दिवसीय वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का हुआ समापन



**ढवारसी/अमरोहाः–** कंपोजिट विद्यालय दूल्हेपुर अहीर में 24 दिवसीय वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन हुआ । समापन कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी श्री मती आरती गुप्ता ने बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक विद्यालयों की बालिकाओं को दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण से बालिकाओं के आत्मरक्षा, आत्म सुरक्षा, और आत्म बल का विकास हो रहा है। आत्मरक्षा की ट्रेनिंग दे रहे ब्लॉक व्यायाम शिक्षक गंगेश्वरी वैभव गुप्ता ने बालिकाओं को महिला हिंसा से संबंधित शिकायतो के निवारण हेतू हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। आत्म रक्षा की विधियां पोजिशन, ब्लॉक्स, पंच, किक आदि की जानकारी दी । इस अवसर पर विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक सुनील यादव, विपिन पवार, सोनू कुमार, ऋतु गिरी, सोनिका त्यागी , संगीता त्यागी, सीमा, अमित कुमार, युद्धवीर सिंह, मदारी, लाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब—फर्जी बार कोड समेत 20 लाख रुपये के माल की हुई बरामदगी



**मुरादाबाद।** फर्जी बार कोड व नकली सील को बोतल पर टैग लगाकर अवैध शराब बनाकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने नामित कंपनियों के टैग, फर्जी बार कोड, अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने बरामद शराब व उपकरणों की कीमत 20 लाख रुपए बताई है।

इस मामले में एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि यह कामयाबी मझोला थाना पुलिस और एसओजी टीम के जरिए मिली है। गिरफ्तार हुए लोगों में मुनाजिर उर्फ साहिल, संजय कुमार, परवेंद्र, तरुण सैनी, राम सिंह, फैजुर्रहमान उर्फ फैजान और मोहम्मद जावेद हैं। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त मुनाजिर उर्फ साहिल ने बताया है कि वह लोग कंपनी में बनने वाले अल्कोहल को फर्जी तरीके से खरीद कर मिश्रित शराब बनाते हैं।कार्य में दोनों भाई जगदीश और राम सिंह अल्कोहल लाने का कार्य करते हैं। संजय और उसका भतीजा परवेंद्र बोतलों पर लगने वाले ढक्कन व बार कोड, सील की व्यवस्था करते हैं। जावेद व फैजान खाली बोतल, क्वार्टर व अध्धे की व्यवस्था करते हैं। ये कार्य वह खुशहालपुर में एक किराए के भवन में कर रहे थे। यह मकान उनके साथी रविंद्र ने किराए पर ले रखा है।इसी मकान में वह और उनके साथी मिलकर मिश्रित शराब बनाते हैं और उनके कुछ साथी इस शराब को अपने निश्चित ठिकानों से मांग के अनुसार बिक्री करते रहते हैं। अपमिश्रित शराब से वह लोग काफी मोटा मुनाफा कमा लेते हैं। इसमें करीब 70 प्रतिशत कमाई उन लोगों की होती है। चूंकि, अच्छी ब्रांड का टैग लगा होने के कारण उनका माल आसानी से बिक जाता है। एसएसपी ने बताया कि बरामद शराब की कीमत तीन लाख रुपये है और अन्य उपकरण जैसे बार कोड करीब 2 लाख रुपये के हैं। ढक्कन व सील की कीमत करीब 15 लाख रुपए है। इस तरह बरामद सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये है।

> एसएसपी हेमराज मीना ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि यह कामयाबी मझोला थाना पुलिस और एसओजी टीम के जरिए मिली है। गिरफ्तार हुए लोगों में मुनाजिर उर्फ साहिल, संजय कुमार, परवेंद्र, तरुण सैनी, राम सिंह, फैजुर्रहमान उर्फ फैजान और मोहम्मद जावेद हैं। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त मुनाजिर उर्फ साहिल ने बताया है कि वह लोग कंपनी में बनने वाले अल्कोहल को फर्जी तरीके से खरीद कर मिश्रित शराब बनाते हैं।कार्य में दोनों भाई जगदीश और राम सिंह अल्कोहल लाने का कार्य करते हैं।

## संक्षेप खबरें

### बेचा जा रहा था गरीबों को मुफ्त मिलने वाला चावल, पकड़ा टाटा मैजिक




**संभल।** सदर कोतवाली क्षेत्र में गरीबों को मुफ्त मिलने वाले चावल को 29 रुपये किलो में बेचने की आशंका होने पर भाजपा नेता और लोग इकट्ठा हो गए। करीब 10 क्विंटल चावल लदे टाटा मैजिक को पकड़ लिया। मामला एसडीएम तक पहुंचा तो पूर्ति निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। चावल लदे टाटा मैजिक को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

शहर के मुहल्ला बरेली सराय में शुक्रवार को एक टाटा मैजिक घूमा। टाटा मैजिक लगे सिस्टम से भारत सरकार की योजना के तहत 29 रुपये किलो चावल बेचने का एनाउंस किया जा रहा था। जिसकी सूचना भाजपा नेता सौरभ गुप्ता और अन्य लोगों को हुई तो मौके पर पहुंच गए। बरेली सराय में स्थित शिव मंदिर पर टाटा मैजिक को रोक लिया गया। भाजपा नेता का कहना रहा कि भारत सरकार की ओर से राशन वितरण योजना के तहत चावल कार्डधारकों को मुफ्त दिया जा रहा है।आशंका है कि उसी चावल को कट्टों में भरकर 29 रुपये किलो बेचा जा रहा है। क्या यह वही चावल तो नहीं है जो केंद्र सरकार द्वारा मुफ्त दिया जा रहा है। किस आदेश के तहत इस तरह चावल की बिक्री हो रही है क्योंकि केंद्र सरकार की कोई चावल योजना संज्ञान में नहीं है।

इस बीच एक व्यक्ति भी मौके पर पहुंचा तो उससे भी जानकारी ली गई लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। भाजपा नेता ने पूरे मामले की जानकारी एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को देते हुए जांच पड़ताल कराने की मांग उठाई। जिसके बाद पूर्ति निरीक्षक सजनलाल गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूर्ति निरीक्षक ने चावल लदे टाटा मैजिक को कब्जे ले लिया। पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि जांच पड़ताल के बाद स्थिति साफ हो पाएगी।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास, कोर्ट ने 30 हजार का जुर्माना भी लगाया



**चन्दौसी।** नाबालिग को बहला–फुसला कर ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के मामले में दोषी को दस वर्ष के कारावास व 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना 13 नवंबर 2022 को थाना जुनावई क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी के यहां विचाराधीन था।

थाना जुनावई क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ति किशोरी के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 13 नवंबर 2022 की रात करीब 12 बजे से चार बजे के बीच उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई। सुबह जब वह सोकर उठा तो बेटी को घर में न पाकर खोजबीन शुरू कर दी। तलाश के दौरान पता चला कि रजनेश पुत्र ओमकार, हरवीर पुत्र पप्पू, वीरेश पुत्र ओमकार उसके घर से उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गए हैं। इसके बाद वह इन लोगों के घर गया तो आरोप है कि इन लोगों ने उसके साथ गाली–गलौच की और मारपीट पर आमादा हो गए।

प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी। पीड़िता को बरामद कर 164 के बयान दर्ज कराए गए। गवाह के बयान अंकित किए जाने के बाद संकलित साक्ष्य के आधार पर अरविंद पुत्र घलेंद्र निवासी भोजपुर थाना गुन्नौर जिला संभल के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 246/2022 के अंतर्गत धारा 363, 328, 346 आईपीसी व धारा 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया और विवेचना के बाद साक्ष्यों को एकत्र कर छह जनवरी 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब से मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

अभियोजन पक्ष से शासकीय अधिवक्ता पॉक्सो नरेंद्र कुमार यादव ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं।

# बेटी पर बुरी नजर थी इसलिए मारकर जला दिया, पिता—पुत्र गिरफ्तार



**संभल/असमोली,** असमोली थाना क्षेत्र में ग्रामीण की हत्या कर शव जलाने के मामले का राज खोलते हुए पुलिस ने वारदात में शामिल पिता पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पिता ने पुलिस के सामने कहा–साहब बेटी के पीछे पड़ा था। परेशान होकर गांव छोड़ दिया और मुरादाबाद के गांव में किराये का मकान लेकर रहने लगे। उसने वहां भी पीछा नहीं छोड़ा तो मजबूर होकर उसकी जान लेनी पड़ी।

पांच दिन पहले हुए हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 2 अप्रैल की रात कय्यूम निवासी मालपुर उर्फ मल्लूपुरा की लाश गांव के बाहर मिली थी। उसके शव को जलाने के साथ ही बाइक को भी जला दिया गया था। पुलिस ने गहन पड़ताल के बाद कय्यूम की हत्या में शामिल मालपुर गांव के ही इरफान व उसके बेटे हाशिम को गिरफ्तार कर लिया।

हत्यारोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल रस्सी, पेट्रोल लाने में इस्तेमाल की गई बोतल व माचिस बरामद की है। इरफान व उसके बेटे हाशिम ने बताया कि कय्यूम 1 अप्रैल को मुरादाबाद के नियामतपुर इकरोटिया में उनके कमरे पर आया तो रस्सी से गला दबाकर कय्यूम को मारने के बाद उसी की बाइक पर शव रखकर मालपुर के जंगल में लाए और वहां पेट्रोल डालकर कय्यूम के शव व उसकी बाइक में आग लगा दी।कय्यूम की हत्या करने के बाद इरफान व उसके बेटे हाशिम ने कय्यूम की लाश उसकी ही बाइक पर लादी और फिर बाइक लेकर मुरादाबाद के नियामतपुर इकरोटिया से असमोली के मालपुर गांव तक आ गये। पिता पुत्र को इस बात का भी डर नहीं था कि रास्ते में पुलिस उन्हें रोककर चेक कर सकती है। कय्यूम की लाश को बाइक पर बीच में इस तरह रखा था जैसे कोई सवारी बैठी हो। बेटा हाशिम बाइक चला रहा था जबकि पिता इरफान कय्यूम की लाश को पकड़कर पीछे बैठा था।एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में इरफान ने बताया कि जब वह मालपुर में रह रहे थे तो कय्यूम उनके घर पर आता जाता था।

### मुरादाबाद : पति को बाथरूम में बंद कर लापता हुई दो बच्चों की मां

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी दो बच्चों की मां पति को बाथरूम में बंद कर घर से लापता हो गई। पति ने आशंका जताई है कि राजस्थान के धौलपुर क्षेत्र निवासी युवक के पास गई है। युवक की पत्नी से धौलपुर के व्यक्ति से फेसबुक पर दोस्ती थी। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चक्कर की मिलक निवासी पॉलिश ठेकेदार ने बताया कि 11 मार्च को उसका एक बेटा रिश्तेदारी में गया था। दूसरे बेटे को पत्नी ने घर का सामान लेने को भेज था। दोपहर करीब दो बजे जब पॉलिश ठेकेदार नहाने के लिए बाथरूम में घुसा तो पत्नी ने बाहर से दरवाजा बंद कर दिया और वह घर से निकल गई थी। उधर, जब बेटा घर लौटा तो पिता का शोरगुल सुनकर बाथरूम का दरवाजा खोला। ठेकेदार ने पत्नी की तलाश की लेकिन, कुछ पता नहीं चला। कई दिनों तक वह पुलिस चौकी पर पत्नी की खोज के लिए गुहार लगाता रहा।

इसके बाद शनिवार को ठेकेदार दोनों बच्चों के साथ सिविल लाइंस थाने पहुंचा था। उसने थानाध्यक्ष को बताया है कि उसकी पत्नी स्मार्ट फोन चलाती थी।

फेसबुक पर उसकी राजस्थान के धौलपुर निवासी युवक से बातचीत होती थी। ठेकेदार को संदेह है कि उसकी पत्नी उसी युवक के पास गई है। पत्नी के लापता होने के बाद से उसका मोबाइल फोन बंद है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया, महिला के गायब होने की सूचना मिली हे। पता लगा रहे हैं। उसके मोबाइल की सीडीआर निकलवा रहे हैं।

### संभल : दादा–दादी ने डांटा तो कक्षा दो के छात्र ने फंदे से लटककर दी जान

**संभल/कैला देवी।** कैला देवी थाना क्षेत्र में परिजनों को बिना बताए मिट्टी ढोहने वाले डंपर पर गया कक्षा दो का छात्र वापस लौटा तो दादा दादी ने डांट दिया। जिससे क्षुब्ध होकर छात्र ने कमरे में कुंडे में दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव चाचू नागल की मढ़ैया निवासी महीपाल की पत्नी की कई साल पहले मौत हो चुकी है। महीपाल ने बाद में दूसरी महिला से शादी कर ली तो उससे तीन बच्चे हैं जबकि पहली पत्नी से हुए बेटे योगेश (12 वर्ष) की देखभाल दादा रामवीर और दादी प्रेमवती करते आ रहे थे। योगेश अमरोहा जिले के ढबारसी में स्थित सीएमएस कॉलेज में कक्षा दो का छात्र था।

गुरुवार को योगेश क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण को लेकर मिट्टी ढोहने वाले डंपर पर चला गया और मौज मस्ती की लेकिन उसने दादा दादी को नहीं बताया था। कई घंटे बाद योगेश वापस लौटा तो दादा दादी ने उसे बिना बताये मिट्टी ढोहने के डंपर पर जाने को लेकर डांटा। जिसके बाद योगेश रात आठ बजे कमरे में चला गया। 10 बजे तक जब योगेश बाहर नहीं आया तो दादा दादी कमरे में गए। वहां के नजारा देखकर चीख निकल गई। योगेश का शव कुंड में दुपट्टे के फंदे से लटक रहा था। योगेश के शव को नीचे उतारा गया। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोग भी इक ?ट्ठा हो गए। शुक्रवार को परिजनों ने योगेश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

> छात्र ने कमरे में कुंडे में दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दे दी। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# केएम विवि में प्रारंभ हुआ आईके सिस्टम




**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों के लिए इंडियन नॉलेज सिस्टम (आईकेएस) कोर्स का शुभारंभ संयुक्त रूप से प्रसिद्ध साहित्यकार शिवमूर्ति, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, एसपी सुरक्षा बीबी चौरसिया ने फीता काटकर किया। इस दौरान विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल कॉलेज के प्राचार्य डा.पीएन भिसे, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक मनोज ओझा, डीन डॉ धर्मराज सिंह उपस्थित रहे।

विदित रहे कि पिछले साल यूजीसी की तरफ से जारी गाइडलाइंस में बताया गया है कि उक्त कोर्स में यूनिट मेजरमेंट, नंबर सिस्टम, अर्थमेटिक, एस्ट्रोनॉमी, नॉलेज फ्रेमवर्क, साइकोलॉजी और टाउन प्लानिंग जैसे टॉपिक्स पढ़ाए जाएंगे। इसके अलावा छात्र आर्किटेक्चर प्रोग्राम की भी पढ़ाई कर सकते हैं। ऑनलाइन कोर्स में छात्रों को वीडियो लेक्चर, रीडिंग मैटेरियल्स, सेल्फ असेसमेंट एग्जाम, ऑनलाइन डिस्कशन और डाउट क्लियरिंग फॉरम की सुविधाएं मिलेंगी। छात्र इंडियन नॉलेज सिस्टम में फंडामेंटल प्रोग्राम कर सकते हैं।

प्रो. वाइस चांसलर ने बताया कि सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को इस कोर्स से जोड़ा गया है, छात्र इससे आईकेएस कोर्स में भारतीय तर्कशास्त्र, भारतीय भाषाविज्ञान, इंडियन आर्किटेक्चर, भारतीय धातुकर्म और भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था जैसे विषय का अध्ययन अब केएम विवि में कर सकेंगे। रजिस्ट्रार पूरन सिंह ने बताया कि अध्ययरत बच्चों को अपनी इच्छा के कोर्स मिल सकते है यूजीसी गाइड लाइन के अनुसारइस कोर्स को आईकेएस ने अपने विषय में शामिल किया है।

परीक्षा नियंत्रक मनोज ओझा ने बताया कि इंडियन नॉलेज सिस्टम पर ऑनलाइन कोर्स को इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मानविकी और सामाजिक विज्ञान सेक्शन आदि भागों में बांटा गया है। इस कोर्स को ऑनलाइन करने के इच्छुक छात्र एडमिशन ले सकते है।

इस अवसर पर असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, डॉ सुनील कुमार सिंह,डॉ विपिन सोलंकी, प्रो करन सिंह, प्रो शैलेन्द्र शर्मा, प्रो जगवीर सिंह, प्रो चन्देश कुमार, प्रो संजू बाला, प्रो साधना कटियार, प्रो बेदवीर सिंह, प्रो सुमित शर्मा, प्रो पंकज सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

आवश्कता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें
–94568843327

# लोकतंत्र का पर्व, देश का गर्व...रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**मुरादाबाद।** 19 अप्रैल को प्रथम चरण में जिले में होने वाले मतदान में शत प्रतिशत वोट डलवाने के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदि ने रैली का नेतृत्व कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

इस रैली में विशेषकर महिला मतदाताओं को जागरूक करने का उद्देश्य रखा गया। माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा विभाग के अलावा महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने रैली में सहभागिता की। हाथ में तख्तियां लेकर 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग हर हाल में करने का आह्वान किया गया।

लोकतंत्र का पर्व, देश का गर्व, पहले मतदान, फिर करेंगे जलपान आदि संदेशों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि मतदान संवैधानिक अधिकार व कर्तव्य दोनों है। मजबूत लोकतंत्र के लिए बेहतर जनप्रतिनिधियों को चुनना मतदाताओं का फर्ज है। वह लोकतंत्र के महापर्व में मतदान कर एक मतदाता और सच्चे व जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं। मतदाताओं को बूथों पर तैनात कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। लोगों से अपील है कि वह 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करें। दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें।

> जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदि ने रैली का नेतृत्व कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।






अपने संस्थान को दे नई तरक्की

एजुकेशन के विज्ञापन बुक करायें

विज्ञापन हेतु संपर्क करें–

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–94568843327

# तीन लोगों के पास से मिले 4 करोड़ रुपये

## लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में तीन लोगों के पास से 4 करोड़ रुपये पकड़े गए हैं।

**चेन्नईः** तमिलनाडु में उड़नदस्ते ने तिरुनेलवेली जा रहे तीन लोगों के पास से चार करोड़ रुपये जब्त किए हैं। पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने कहा कि आयकर विभाग इस मामले की विस्तृत जांच करेगा।

अधिकारियों के अनुसार, तीनों व्यक्ति एग्मोर से तिरुनेलवेली जाने वाली ट्रेन में सवार हुए थे और अधिकारियों की टीम ने उन्हें बीती रात तांबरम में रोका। तीनों के पास से चार करोड़ रुपये बरामद हुए। उनके पास इतनी नकदी ले जाने के लिए कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। इस बात का संदेह है कि तीनों लोग तिरुनेलवेली लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार नैनार नागेंद्रन के समर्थक हैं। तांबरम रेलवे स्टेशन पर



जब्त किए रुपये इस बीच, राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष मामला उठाया और नागेंद्रन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने चेंगलपेट के जिला निर्वाचन अधिकारी के हवाले से कहा कि तांबरम रेलवे स्टेशन पर चार करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। इसने कहा कि ''मामले को जांच के लिए आयकर विभाग को भेज दिया गया है।

विभाग चुनाव के दौरान जब्त की गई 10 लाख रुपये से अधिक की राशि की जांच करता है। तदनुसार, जब्ती से संबंधित सभी जानकारी उसे भेज दी गई है। इसके बाद आयकर विभाग इस मामले की विस्तृत जांच करेगाद्रमुक ने मतदाताओं को पैसे बांटने की योजना बनाने का आरोप लगाते हुए नागेंद्रन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पार्टी के संगठन सचिव आर. एस. भारती ने तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू को दी गई शिकायत में कहा कि ''हमें संदेह है कि नैनार नागेंद्रन ने मतदाताओं को वितरित करने के लिए गुप्त स्थानों पर कई करोड़ रुपये जमा किए हैं।'' पार्टी ने मांग की कि नागेंद्रन से संबंधित सभी स्थानों पर तलाशी ली जाए। इस बीच, नागेंद्रन ने दावा किया कि जब्त किए गए पैसे से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उनका कहना है कि ''यह मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश है।

> विभाग चुनाव के दौरान जब्त की गई 10 लाख रुपये से अधिक की राशि की जांच करता है। इसके बाद आयकर विभाग इस मामले की विस्तृत जांच करेगा द्रमुक ने मतदाताओं को पैसे बांटने की योजना बनाने का आरोप लगाते हुए नागेंद्रन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पार्टी के संगठन सचिव आर. एस. भारती ने तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू को दी गई शिकायत में कहा कि ''हमें संदेह है कि नैनार नागेंद्रन ने मतदाताओं को वितरित करने के लिए गुप्त स्थानों पर कई करोड़ रुपये जमा किए हैं।

## बदमाशों ने युवक पर डाला खौलता हुआ तेल

**बुलंदशहरः** यूपी के बुलंदशहर में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच बड़ा विवाद हो गया। दरअसल, गुलावठी इलाके में रविवार की सुबह दो युवकों के बीच रुपये छीनने का विरोध करने पर विवाद शुरू हुआ।

विवाद में एक युवक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हिंदू युवक पर खौलता हुआ तेल डाल दिया। खौलता हुआ तेल डालने की वजह से युवक और उसका एक और साथी गर्म तेल से बुरी तरह झुलस गए। वहीं इस घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और हंगामा खड़ा हो गया। वहीं घटना के बाद हिंदूवादी संगठन जुड़े लोग भी मौके पर पहुंचे और थाने पर जाकर हंगामा किया। बाद में पुलिस ने पीड़ित पक्ष से तहरीर लेकर तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

बता दें कि युवक गुलावठी मंडी में मजदूरी का काम करता है। बताया जा रहा है कि



इसके पास लगभग 14000 रुपये थे। आरोप है तीन युवक उससे रुपये छीनने का प्रयास करने लगे, जिसका युवक ने विरोध किया। इसके बाद आरोपी युवक व उसके दो साथियों ने पीड़ित के हाथ पैर पकड़ कर उस पर पूरी के ठेले से कढ़ाई सहित गर्म तेल डाल दिया। शरीर पर गर्म तेल पड़ने के बाद विकास सैनी नाम का युवक और उसका साथी सुभाष सैनी दोनों गम्भीर रूप से झुलस गये। दोनों को झुलसी हुई अवस्था में गुलावठी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी पुलिस व हिंदूवादी संगठनों को मिली तो दोनों ही मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं हिंदूवादी संगठनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए थाने के बाहर और थाने में हंगामा करना शुरू कर दिया। उन्होंने जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की। इसके साथ ही पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों अब्बू नसर, अवैज और शौकीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## दिल्ली में पत्नी-बेटी का मर्डर करने के बाद शख्स ने किया सुसाइड

**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में 48 वर्षीय एक व्यक्ति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी और बेटी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद खुद भी अपने घर में फांसी लगा ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिरम ने बताया कि आरोपी अजय के शव को सबसे पहले उसके बेटे कुशल (22 वर्ष) ने तब देखा जब वह शुक्रवार सुबह काम के बाद घर लौटा।

अधिकारी के अनुसार, कुशल ने घर को बंद पाया तो उसने खिड़की से झांका और भीतर अपने पिता को लटका हुआ देखा। कुशल ने तुरंत इसकी सूचना मकान मालिक को दी, जिसने पुलिस को इस बारे में सूचित किया। पुलिस उपायुक्त ने कहा, ''हमें मकान मालिक का फोन आया, जो



इमारत की पहली मंजिल पर रहता है और मृतक के परिवार के सदस्य भूतल पर रहते थे। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर तुरंत एक टीम को मौके पर भेजा गया।

पुलिस उपायुक्त ने के अनुसार, प्रथम दृष्टया जांच से ऐसा लगता है कि पेशे से हलवाई अजय ने पहले अपनी पत्नी टीना (38) और बेटी वर्षा (4) की धारदार हथियार से हत्या कर दी और फिर खुद पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''टीना अपनी बेटी वर्षा के साथ बिस्तर पर खून से लथपथ पाई गई। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी हत्या किसी धारदार हथियार से की गई।'' पुलिस ने कहा कि इस घटना के संबंध में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और विस्तृत जांच जारी है।

## बेंगलुरुमें जल संकट के बीच एक साथ 47 छात्राएं अस्पताल में एडमिट

बंगलुरु : कर्नाटक की राजधानी बंगलुरु में लोग जहां जल संकट से जूझ रहे हैं, तो वहीं यहां 47 छात्राओं को दस्त और डिहाइड्रेशन की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। बेंगलुरु मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (इटउफ्क) में एडमिट इन छात्राओं में से दो में हैजा की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तहत राज्य निगरानी इकाई की डॉ. पद्मा एमआर ने बताया कि दो छात्राओं के सैंपल हैजा की जांच में पॉजिटिव पाए गए हैं। इस घटना के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव और महिला आयोग की अध्यक्ष ने अस्पताल और हॉस्टल का निरीक्षण किया।

बीएमसीआरआई के निदेशक रमेश कृष्णा के मुताबिक, संस्थान के महिला छात्रावास की 47 छात्राओं को शुक्रवार को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। ये सभी दस्त और डिहाईड्रेशन से पीड़ित थीं। उन्होंने कहा, ''दस्त और कमजोरी की शिकायत के बाद बीएमसीआरआई के छात्रावास की 47



छात्राओं को विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी मरीजों के मल के नमूने जांच के लिए भेजे गए।'' उन्होंने कहा, ''जैसा कि रिपोर्ट में कहा गया है, दो छात्राएं हैजा से पीड़ित पाई गई हैं।''

राज्य में हैजा के अब तक 6 मामले कर्नाटक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने शुक्रवार को कहा था कि इस साल अब तक राज्य में हैजा के 6 मामले सामने आ चुके हैं। इन खबरों के बीच कि भीषण गर्मी के साथ-साथ जल संकट के कारण हैजा फैलने का डर पैदा हो गया है, विभाग ने स्पष्ट किया कि ये सभी मामले ''छिटपुट'' हैं।

## सीबीआई को पूछताछ के लिए मिली अनुमति को वापस लेने की मांग

**नई दिल्लीः** दिल्ली आबकारी नीति में 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के.कविता ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत में याचिका दायर कर उसके आदेश को वापस लेने का आग्रह किया, जिसमें केंद्रीय अनवेषण ब्यूरो (सीबीआई) को उनसे तिहाड़ जेल में पूछताछ करने की अनुमति दी गई थी। सीबीआई आबकारी नीति मामले में भ्रष्टाचार के पहलू की जांच कर रही है। कविता के वकील नितेश राणा ने अदालत को बताया कि सीबीआई ने 'उनके पीठ पीछे' उनसे पूछताछ करने की अनुमति मांगने वाली याचिका दायर करके कानून की उचित प्रक्रिया को विफल कर दिया।

राणा ने कहा, ''मुझे गंभीर आशंका है कि अदालत से अनुकूल आदेश प्राप्त करने के लिए सीबीआई ने सही तथ्यों का खुलासा नहीं किया होगा।'' उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ की अनुमति



देने वाले उसके शुक्रवार के आदेश को तब तक स्थगित रखा जाए जब तक कि उनका पक्ष नहीं सुना जाता। अदालत ने दलील सुनी और सीबीआई द्वारा कविता की याचिका पर जवाब देने के लिए समय मांगने के बाद मामले को 10 अप्रैल तक सुनवाई के लिए टाल दिया। हालांकि, ईडी और सीबीआई मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी।

### संक्षेप खबरें

## चूहों ने गायब कर दी 10 किलो भांग और 9 किलो गांजा !

**धनबादः** झारखंड के धनबाद जिले के एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक थाने में जब्त कर रखे गये 10 किलोग्राम भांग और 9 किलोग्राम गांजा को नष्ट करने का आरोप चूहों पर लगा है। इस मामले से जुड़े एक वकील ने रविवार को बताया कि पुलिस ने मामले की जानकारी जिले की एक अदालत को दी।

अदालत द्वारा राजगंज थाने के प्रभारी अधिकारी को 6 साल पहले जब्त किए गए भांग और गांजा को पेश करने का निर्देश दिए जाने के बाद पुलिस ने शनिवार को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राम शर्मा को एक रिपोर्ट सौंपी। अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चूहों ने थाने के मालखाने में रखे मादक पदार्थों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया था।

बता दें कि राजगंज पुलिस ने 14 दिसंबर 2018 को 10 किलो भांग और 9 किलो गांजा जब्त करने के साथ शंभू प्रसाद अग्रवाल और उसके बेटे को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। सुनवाई



के दौरान अदालत ने मामले के जांच अधिकारी जयप्रकाश प्रसाद को जब्त भांग और गांजा को 6 अप्रैल को अदालत में पेश करने का आदेश दिया था। मामले में बचाव पक्ष के वकील अभय भट्ट ने कहा कि '' शंभू प्रसाद अग्रवाल शनिवार को राजगंज पुलिस थाना प्रभारी के आवेदन के साथ अदालत में पेश हुए, जिसमें कहा गया कि चूहों ने सभी जब्त सामग्री को नष्ट कर दिया।'' वकील अभय भट्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि उनके मुवक्किल को झूठे मामलों में फंसाया गया, क्योंकि पुलिस जब्त की गई सामग्री प्रदर्शित करने में सक्षम नहीं हो सकी।

## अलीगढ़ में गरजे सीएम योगी आदित्यनाथ, बोले- खतरा बनने वालों का कर देते हैं राम नाम सत्य




**अलीगढ़ :** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता अलग-अलग स्थानों पर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

इस बीच उत्तर प्रदेश खे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ जिले में पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए बयान दिया। उन्होंने कहा कि देखो हम राम को लाते ही नहीं है। बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनता है, उसका राम नाम सत्य भी कर देते हैं। इस रैली में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का विकास तभी संभव है जब उत्तर प्रदेश का विकास हो और उत्तर प्रदेश का विकास तभी संभव है जब साथ में अलीगढ़ का विकास हो। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहील बार है जब चुनाव चल रहे हैं और लोगों को कयास लगाने की जरूरत नहीं है। लोगों में पहले से तय है कि तीसरी बार फिर मोदी सरकार। पूरे देश में यही आवाज है। चाहे अलीगढ़ हो या सहारनपुर या बागपत। ये आवाज वैसे ही नहीं है। हमारे भारतीय समाज के लिए दो कदम चलता है तो हम भी कृतज्ञतावश 4 कदम चलने का प्रयास करते हैं।

## यूपी में महिलाओं ने युवक को चप्पल की माला पहनकर जूतों से पीटा

**मुरादाबादः** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला युवक का बाल पकड़ी हुई है। जबकि एक लड़की उसे जूते से पीट रही है। युवक के गले में जूते-चप्पल की माला पहनाई गई है। रस्सी से बंधा असहाय युवक जमीन पर पड़ा चिल्ला रहा है लेकिन उसे बचाने वाला कोई नहीं है। युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप है।

इतना ही नहीं इस युवक को पेशाब और गटर का गंदा पानी पिलाया गया। लड़के की समाज में बेइज्जती हो इसलिए वीडियो बनाकर वायरल की गई। वीडियो में कहा जा रहा है जो ऐसा करेगा उसका यही हाल होगा। युवक को उस लड़की से भी पिटवाया गया जिस लड़की को नशे वाला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर गलत काम करने का आरोप लगाया गया है। मामला थाना सिविल लाइन के अगवानपुर का है।

लड़के के पिता राजकुमार का आरोप है कि उनके लड़के को फोन से बुलाया गया था। फिर उसे कहां ले जाया गया उन्हें नहीं पता।

# पहली बार रामनवमी पर अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालु रामलला के कर सकेंगे दर्शन

**अयोध्याः** रामनवमी के दिन अब रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाने की जरूरत नहीं होगी। अब आप अपने घर में बैठकर ही रामलला के दर्शन कर सकेंगे। बता दें कि दूरदर्शन पर अयोध्या के राम मंदिर में रामनवमी की पूजा का सीधा प्रसारण किया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट ने लोगों से अपील की है कि लोग अपने अपने घरों में, गांव-मोहल्ले में ही रहकर रामनवमी मनाएं। इसके साथ ही दूरदर्शन पर अयोध्या के राम मंदिर की रामनवमी के दर्शन करें।

**50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना**

श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि अयोध्या बहुत छोटी है और गर्मी बहुत ज्यादा है। ऐसे में अगर अयोध्या में ज्यादा भीड़ होगी तो श्रद्धालुओं को दिक्कत होगी। श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में भी 100 स्थानों पर छएऊ वॉल लगाई जाएगी। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक एक करोड़ 70 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। रामनवमी पर अयोध्या में 9 दिन चलने वाले मेले में 50 लाख



श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

**बढ़ाई जाएगी दर्शन की टाइमिंग**

बता दें कि आज अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक हुई। इसमें राम मंदिर की पहली मंजिल पर बनने वाले राम दरबार की चर्चा हुई, लेकिन चर्चा का मुख्य केंद्र रामनवमी के इंतजाम को लेकर रहा।

> श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि अयोध्या बहुत छोटी है और गर्मी बहुत ज्यादा है। ऐसे में अगर अयोध्या में ज्यादा भीड़ होगी तो श्रद्धालुओं को दिक्कत होगी। श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या में भी 100 स्थानों पर छएऊवॉल लगाई जाएगी। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक एक करोड़ 70 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। रामनवमी पर अयोध्या में 9 दिन चलने वाले मेले में 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

रामनवमी पर राम मंदिर में एक दिन में सात लाइनों में दर्शन कराएं जाएंगे। अभी चार लाइनों में ही दर्शन कराए जाते हैं। रामनवमी पर श्रद्धालुओं के लिए तीन लाइनें और बढ़ाई जाएंगी। इसके अलावा अभी राम मंदिर में श्रद्धालु 14 घण्टे दर्शन कर रहे हैं, जबकि रामनवमी पर दर्शन का समय बढ़ाकर 20 घंटे कर दिया जाएगा।

**श्रद्धालुओं के लिए खास इंतजाम**

चंपत राय ने बताया कि शयन आरती के बाद वस्त्र बदलना, श्रृंगार, भोग और फिर सुबह के श्रृंगार में आज तीन से चार घण्टे लग रहे हैं। श्रृंगार के समय को कम करना सम्भव नहीं है। रामनवमी पर अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की संभावना है, जिसे देखते हुए ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं के लिए खास इंतजाम किए हैं। ये इंतजाम कुछ इस तरह हैं-

राम मंदिर जाने वाले रास्ते मं गर्मी से बचाव के लिए छाया का इंतजाम किया जा रहा है।

जमीन पर मैट लगाई जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं के पैर गर्मी में ना जलें।

दर्शन मार्ग पर बैठने की व्यवस्था भी की जा रही है।

ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को प्रसाद मिले, इसका इंतजाम किया जा रहा है।

मन्दिर के दर्शन मार्ग पर 50 जगहों पर पानी का इंतजाम करने की कोशिश हो रही है।

ओआरएस के पाउडर का भी इंतजाम किया जा रहा है।

ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि रामनवमी में दर्शन के लिए राम मंदिर आने वाले श्रद्धालु अपने साथ मोबाइल नहीं लाएं। साथ ही जूता-चप्पल दूर रख के आएं।

## संपादकीय

### लिंग–भेद का सवाल और हमारा समाज

आज, जैसे–जैसे समाज आधुनिक होते जा रहे हैं, संस्कृतियां पूरी तरह से 'शरीर संस्कृति' बनती जा रही हैं. शरीर सबसे अहम हिस्सा बन गया है. जब हम विकसित होते हैं तो दूसरे पहलुओं को ज्यादा महत्वपूर्ण बनना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से, शरीर किसी भी दूसरी चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण बन गया है. यह अब पूरा चिंतन शरीर के बारे में है. जिस तरह से समाज खुद का निर्माण कर रहा है, औरजिस तरह से हम अपने बच्चों के मन गढ़ रहे हैं, वह यह है कि अगर आप किसी आदमी या औरत को देखते हैं, तो आपको उन्हें किसी सुख की वस्तु के रूप में देखना होता है. इसके साथ समाज अति की ओर जा रहा है.

> आध्यात्मिकता का मतलब यह नहीं है कि आपको विश्वास करना है या आपको कोई फिलॉसफी या कोई और चीज रखनी है. आध्यात्मिकता का पूरा आयाम भौतिक के परे विकास करना है. अगर जीवन का आपका अनुभव भौतिकताओं की सीमाओ से परे चला जाता है, तब हम कह सकते हैं कि आप आध्यात्मिक है.

मैं देखना चाहूंगा कि लोग खुद को मनुष्य की तरह देखें, आदमी या औरत की तरह नहीं. अपने जीवन के कुछ खास पलों में ही एक खास भूमिका निभाने के लिए आपको एक आदमी या औरत होने की जरूरत है. कामुकता आपके जीवन का बस एक छोटा सा हिस्सा है. अगर लोग जीवन को वैसे ही देखते हैं जैसा वह है, तो कामुकता अपने उचित स्थान पर रहेगी – आपके जीवन में एक छोटा स्थान. वो इतनी बड़ी नहीं होगी. इसे वैसी ही होना चाहिए. हर जीव में ये वैसी ही है. जानवर इस बारे में पूरे समय नहीं सोचते रहते. उनमें जब वो मौजूद होती है, तभी वो होती है. वरना वो ये लगातार नहीं सोचते कि कौन नर है, कौन मादा है. ये सिर्फ मनुष्य ही हैं जो इसमें अटक गए हैं. जिसे आप एक आदमी या औरत कहते हैं, वह एक खास प्राकृतिक प्रक्रिया को पूरा करने के लिए बस एक छोटे से शारीरिक अंतर का सवाल है. आपको अपनी कामुकता को सड़क पर पूरे समय लिए नहीं घूमना है. अगर आप खुद की पहचान कुछ सीमित शारीरिक अंगों से जोड़ लेते हैं, तो आपके साथ स्वाभाविक रूप से वैसा बर्ताव होगा. हमने एक शारीरिक अंग के साथ इतना ज्यादा महत्व क्यों जोड़ा हुआ है ?कोई भी शारीरिक अंग उस किस्म का महत्व पाने योग्य नहीं है. अगर किसी अंग को उस किस्म का महत्व पाना है तो उसके लिए शायद मस्तिष्क योग्य होगा, गुप्तांग कदापि नहीं. तो चौबीसों घंटे एक आदमी या औरत की भूमिका निभाना जरूरी नहीं है. कुछ खास परिस्थितियां ही हैं जहां आपको यह भूमिका निभानी है. बाकी के समय, आपको न तो आदमी होना है और न ही औरत होना है. अगर आप आदमी या औरत की तरह रहते हैं तो आप कभी आजाद नहीं होंगे.



समस्या की जड़ वस्तुतः जीवन की भौतिकता में बहुत ज्यादा निवेश करने में है. आपको लगता है कि भौतिक शरीरही अंतिम सीमा है. जिस पल आपकी भौतिकता की सीमाएं जीवन की अंतिम सीमाएं बन जाती हैं, फिर आप अपनी सांसों को भी अनुभव नहीं करते, आपको जो जीवित रखे हुए है उसके आधार को आप अनुभव नहीं करते. जहां भी समाज में आध्यात्मिक रुख था, आदमी या औरत होना समस्या नहीं थी क्योंकि आपका आदमी या औरत होना असल में भौतिक है. आध्यात्मिकता सही या गलत होने के बारे में, या भगवान या स्वर्ग के बारे में नहीं है. आध्यात्मिकता का मतलब यह नहीं है कि आपको विश्वास करना है या आपको कोई फिलॉसफी या कोई और चीज रखनी है. आध्यात्मिकता का पूरा आयाम भौतिक के परे विकास करना है. अगर जीवन का आपका अनुभव भौतिकताओं की सीमाओं से परे चला जाता है, तब हम कह सकते हैं कि आप आध्यात्मिक हैं.

# हिंदुत्व की विचारधारा के करीब आ रही है दलित राजनीति

**प्रशांत कुमार मिश्र**

**दलित विमर्श ने साहित्य एवं राजनीति दोनों को प्रभावित किया है. प्रेरणादायी साहित्य अच्छी राजनीति की जननी होती है. समाज की पीड़ा साहित्य में अभिव्यक्ति पाती है और एक चिंतनशील वर्ग तैयार होता है जो जातियों के दायरे से बाहर निकलने की सामर्थ्य रखता है. समकालीन दलित राजनीति के प्रतिनिधि सनातन धर्म की परम्पराओं से भयभीत नहीं हैं. वे छद्मधर्मनिरपेक्षतावादियों की हकीकत जान चुके हैं.**

रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस की मोदी परिवार में वापसी के प्रतीकात्मक महत्व को नकारना मुश्किल है. समकालीन भारतीय राजनीति गठबंधनों के सहारे आगे की ओर बढ़ रही है. इसलिए सामाजिक ढांचे की सच्चाई अपनी आवाज बुलंद कर रही है. जब लोकतांत्रिक प्रक्रिया में समाज के सभी समूहों की भागीदारी होती है तो उस घर में भी दीये जलने लगते हैं जहां सदियों से अंधेरे ने बसेरा कायम कर लिया था.

रामविलास पासवान की मृत्यु के पश्चात् लोजपा दो गुटों में बंट गयी. पासवान की राजनीतिक विरासत को जाति और परिवार की सीमाओं में समेट कर नहीं परखा जा सकता. यह सच है कि दलित समाज अपने अंदर एक मध्य वर्ग के उदय से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन दलित राजनीति अब सिर्फ शोषण एवं अत्याचार की अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं रही बल्कि अब यह हिंदुत्व की व्यवस्था का अभिन्न अंग बन गयी है. आजादी के बाद दलित आंदोलन के जरिए देश ने महत्वपूर्ण राजनीतिक करवटें लीं. कांशीराम की बसपा अपने शुरुआती दिनों में सिर्फ बहुजन समाज के कल्याण की बातें करतीं थीं, किंतु समय के दबाव ने पार्टी को संकीर्ण दायरे से बाहर निकलने के लिए विवश कर दिया और मायावती सत्तावादी राजनीति की प्रतीक बन गयीं. जब उत्तर प्रदेश में मायावती के नेतृत्व में बसपा ने अपने बलबूते सरकार का गठन किया तो सामाजिक सोच को एक नई दिशा मिली थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों ने उनके राजनीतिक आभामंडल के विस्तार को बाधित कर दिया. समाजवादी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के गठबंधन को न तो सामाजिक स्वीकार्यता मिली और न ही अपेक्षित मात्रा में वोट मिल सका क्योंकि मध्यवर्ती जातियों के दबंग लहजे में दलित समाज के सदस्यों ने कभी अपनापन नहीं देखा.

देश के अलग–अलग हिस्सों में दलित – पिछड़ा राजनीति समाजवाद एवं धर्मनिरपेक्षतावाद के साये में अपना वजूद ढूंढ़ती रही है, लेकिन वर्ष 2014 के आम चुनाव ने राजनीति की स्थापित परंपराओं को पूरी तरह बदल डाला. अब दलित समाज को हिंदुत्व की विचारधारा आकर्षित करती है. चिराग पासवान की राजनीतिक शैली में परिपक्वता दिखाई देती है. मंत्री पद से दूर रह कर अपनी पार्टी लोजपा( रामविलास ) के लिए पांच सीटें हासिल कर लेना एनडीए के अंदर उनके रुतबे के प्रदर्शन के लिए पर्याप्त है. वे अभी युवा हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान के मामले में अपने हमउम्र नेताओं की तुलना में अधिक उदार हैं. बिहार के नौजवान उनमें अपना भविष्य देख सकते हैं. तेजस्वी यादव राजद को आधुनिक स्वरूप नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें कुछ नया करना होगा. लोकसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी ने जिन लोगों को उम्मीदवार बनाया है, उससे ₹जंगल राज₹ की अवधारणा को ही बल मिलता है. राजद सांसद प्रो मनोज झा ने राज्यसभा में ओम प्रकाश वाल्मीकि की कविता ₹ठाकुर का कुआं₹ पाठ कर अपने वाक्कौशल का परिचय तो बखूबी दिया, लेकिन उनकी पार्टी के एक नेता ने इसे अपनी बिरादरी का अपमान माना और परिवार सहित जद( यू ) का दामन थामना उचित समझा.

कांग्रेस के युवा नेता कन्हैया कुमार राजद की कुटिल नीति के कारण ही बेगूसराय से चुनाव नहीं लड़ पाए. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कन्हैया की बातों को लोग सुनना चाहते थे. हालांकि इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि कन्हैया ने वामपंथी विचारधारा को एक सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करके छोड़ दिया. साम्यवाद और धर्मनिरपेक्षता के रूमानी अफ़सानों ने दलित समाज को कितना सशक्त किया है, इस मसले पर चर्चा करने के बजाय कथित मार्क्सवादी विचारक लेनिन एवं स्टालिन की यादों में खो जाते हैं. ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के योगदान को समझने के लिए यूरोपीय दृष्टिकोण की जरूरत नहीं है. भारतीय राजनीति की यह दुखद सच्चाई है कि मतदाताओं के लिए विचारधारा नहीं बल्कि नेता महत्वपूर्ण हैं. द्रविड़ राजनीति ने करुणानिधि के परिवार को तमिलनाडु की सत्ता का स्थायी दावेदार बना दिया. ₹डीएमके₹ पार्टी के साधारण कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री पद के सपने देखने की इजाजत नहीं है. उदयनिधि मारन जब सनातन धर्म के विनाश की बातों को हवा देते हैं तो उद्देश्य दलित–पिछड़ों का राजनीतिक सशक्तिकरण नहीं होता है.

बाबासाहेब डॉ भीम राव आम्बेडकर ने अपनी विद्वता और राजनीतिक कौशल का परिचय देते हुए देश को एक संवैधानिक सूत्र में बांधने का काम किया. संविधान सभा में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी थी, किंतु बाबा साहेब की उपलब्धि दलीय राजनीतिक विमर्श से परे है. भारतीय जाति व्यवस्था की जड़ता से दुखी होकर अपनी जिंदगी के आखिरी दिनों में बाबा साहेब ने बौद्ध धर्म अपना लिया था. वे बुद्ध के जीवन दर्शन से प्रभावित थे. उन्होंने समाज को गरीबी और अशिक्षा से मुक्ति दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया था. वर्तमान समय में कई नेता उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल अपनी सुविधा के अनुसार कर रहे हैं. साहित्य में भी दलित चेतना का स्वर मुखर है, लेकिन यह स्वानुभूति और सहानुभूति के द्वंद्व में उलझी हुई है. इस स्थिति से बचने की जरूरत है. साहित्य को जातियों में बांटकर नहीं देखा जा सकता है. हालांकि यह तर्क जायज है कि प्रकृति के सुकोमल कवियों का ध्यान दलितों की दुर्दशा की ओर क्यों नहीं गया. दलित विमर्श ने साहित्य एवं राजनीति दोनों को प्रभावित किया है. प्रेरणादायी साहित्य अच्छी राजनीति की जननी होती है. समाज की पीड़ा साहित्य में अभिव्यक्ति पाती है और एक चिंतनशील वर्ग तैयार होता है जो जातियों के दायरे से बाहर निकलने की सामर्थ्य रखता है. समकालीन दलित राजनीति के प्रतिनिधि सनातन धर्म की परम्पराओं से भयभीत नहीं हैं. वे छद्मधर्मनिरपेक्षतावादियों की हकीकत जान चुके हैं.



## बिजनेस

# इलेक्ट्रिक व्हीकल से हुआ मोहभंग, बिक्री में आई 25% की गिरावट

**नई दिल्ली:** दुनिया में गाड़ियों से बढ़ते प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि, कई देशों में लोगों को काफी कम समय में इससे मोहभंग हो रहा है। शुक्रवार को जारी हुए मार्केट रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण कोरिया में पहली तिमाही में इलेक्ट्रिकल व्हीकल की बिक्री में 25 फीसद की गिरावट दर्ज की गई, जबकि गैसोलीन हाइब्रिड मॉडल की बिक्री में 46 फीसद की तेजी आई है।

कार्ल्स यू ने एक बयान में कहा, जनवरी से लेकर मार्च तक इलेक्ट्रिक व्हीकल का रजिस्ट्रेशन पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में 34,186 से गिर कर 25,550 तक आ गया। बयान में आगे कहा गया, ऐसा पहली बार हुआ है जब इलेक्टिक व्हिकल की बिक्री में तेज गिरावट दर्ज की गई।₹ इसके विपरीत, पहली तिमाही में गैसोलीन हाइब्रिड वाहन की बिक्री एक साल पहले के 68,249 से बढ़कर 99,832 इकाई हो गई। हालांकि मार्च तिमाही में गैसोलीन से चलने वाले वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 241,742 से 19 प्रतिशत गिरकर 196,472 इकाई रह गई।



वहीं, डीजल कार की बिक्री में भी गिरावट देखने को मिली है।

डीजल कार की बिक्री में 56 फीसद की गिरावट आई। उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों ने कहा है कि ऊंची कीमतों की वजह से इलेक्ट्रिक व्हीकल की बिक्री पूरे वर्ष सुस्त बनी रहेगी।

कार्ल्स यू ने एक बयान में कहा, जनवरी से लेकर मार्च तक इलेक्ट्रिक व्हीकल का रजिस्ट्रेशन पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में 34,186 से गिर कर 25,550 तक आ गया।₹ बयान में आगे कहा गया, ऐसा पहली बार हुआ है जब इलेक्टिक व्हिकल की बिक्री में तेज गिरावट दर्ज की गई।

# अनिल अंबानी की कंपनी के बिकने पर लटकी तलवार

**नई दिल्ली:** बीमा नियामक ने अनिल अंबानी की कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स की समाधान योजना पर कुछ आपत्तियां जताईं हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने रिलायंस कैपिटल के प्रशासक नागेश्वर राव वाई को हाल में लिखे एक पत्र में कहा कि आईआईएचएल की समाधान योजना बीमा नियमों के अनुरूप नहीं है। नियामक ने उस इक्विटी पूंजी के बारे में स्पष्टीकरण मांगा है, जिसे आईआईएचएल निवेश करने के लिए तैयार है।

सूत्रों ने कहा कि नियामक ने उस लोन के बारे में आपत्ति व्यक्त की है, जिसे आईआईएचएल ने रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए जुटाने की योजना बनाई है।

इरडा की राय है कि प्रमोटर्स को अपनी पूंजी निवेश करनी चाहिए, क्योंकि बीमा कंपनियां पॉलिसीधारकों के धन का प्रबंधन करती हैं और एक नियामक के रूप में पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पत्र में कंपनी की कर्ज लेने की योजनाओं के बारे में स्पष्टीकरण भी मांगा है। नियामक ने रिलायंस कैपिटल की हिस्सेदारी आईआईएचएल को हस्तांतरित होने के बाद एफडीआई तय सीमा से अधिक होने की आशंका भी व्यक्त की है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने 27 फरवरी, 2024 को रिलायंस कैपिटल के लिए आईआईएचएल की 9,650 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दी थी।




> **नियामक ने उस लोन के बारे में आपत्ति व्यक्त की है, जिसे आईआईएचएल ने रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए जुटाने की योजना बनाई है। इरडा की राय है कि प्रमोटर्स को अपनी पूंजी निवेश करनी चाहिए, क्योंकि बीमा कंपनियां पॉलिसीधारकों के धन का प्रबंधन करती हैं और एक नियामक के रूप में पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

# राज्यों को कर्ज के जाल में फंसा देगी फ्री की बिजली

**नई दिल्ली:** बिजली मंत्री आर के सिंह ने मुफ्त बिजली देने के लिए उधार लेने वाले पंजाब जैसे राज्यों को कर्ज के जाल में फंसने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो। उन्होंने कहा कि किसी भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन की लागत होती है और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है, तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नहीं किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।

केंद्रीय मंत्री ने पीटीआई–भाषा के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि वह राज्यों से कहते रहे हैं कि बिजली मुफ्त नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर कोई राज्य किसी भी कैटेगरी के लोगों को मुफ्त बिजली देना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है। लेकिन उन्हें इसके लिए भुगतान करना होगा।' उन्होंने कहा कि जिन राज्यों पर पहले ही बहुत कर्ज है, वह भी ऐसे लोकलुभावन उपायों का सहारा ले रहे हैं और उन्हें बिजली संयंत्रों को भुगतान करने के लिए अधिक कर्ज लेना पड़ रहा है। इसके चलते वे ऋण के जाल में फंस गए हैं।

> **लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो। उन्होंने कहा कि किसी भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन की लागत होती है और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है, तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा। अगर उत्पादन संयंत्र को भुगतान नही किया गया, तो बिजली उत्पादन नहीं होगा।**



**मंत्री ने लिया पंजाब का नाम**

ऐसा करने वाले राज्यों के नाम पूछने पर मंत्री ने पंजाब का नाम लिया। उन्होंने कहा कि पंजाब में आप सरकार ने पहले दो वर्षों में 47,000 करोड़ रुपये का कर्ज लिया। इससे राज्य पर कर्ज का बोझ और बढ़ गया। उन्होंने कहा कि अगर हालात को संभाला नहीं गया, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सड़क, अस्पताल और स्कूल बनाने के लिए धन नहीं होगा।

क्योंकि जो भी राजस्व आएगा वह ऋण चुकाने में चला जाएगा।लोकलुभावन योजनाएं तभी ठीक हैं, जब किसी राज्य के पास पर्याप्त धन हो। उन्होंने कहा कि किसी भी दूसरी चीज की तरह बिजली उत्पादन की लागत होती है और अगर कोई राज्य इसे उपभोक्ताओं के एक वर्ग को मुफ्त में देता है, तो यह भी सोचना चाहिए कि उत्पादन संयंत्र को भुगतान भी करना होगा।

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक : अनुज कुमार

R.N.I. No. : UPHIN/2023/86483

मोबाइल नंबर 9456884327

E-Mail :- Officialsabkasapna@gmail.com

www.sabkasapna.com

नोट– समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।






# पहला मैच जीतने के बाद गदगद हुए कप्तान हार्दिक

**नई दिल्ली**

मुंबई इंडियंस की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हरा दिया। इस मैच में मुंबई इंडियंस की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 234 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली की टीम 205 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस की आईपीएल 2024 में ये पहली जीत है। इससे पहले शुरुआती तीन मैचों में मुंबई को हार झेलनी पड़ी थी। अब जीत के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या बहुत ही खुश नजर आए और उन्होंने रोमारियो शेफर्ड की तारीफ की है।

हार्दिक पांड्या ने कहा कि यह बहुत मेहनत का काम था। हमें सुनिश्चित करना था कि हम विश्वास करते हैं। हम रणनीतिक बदलाव करते रहेंगे। लेकिन हमारी 12 यही रहेगी। टीम को संतुलित करना और कॉम्बिनेशन बनाना अहम है। चेंजरूम में प्यार और केयर करने वाले हैं। विश्वास करना और एक-दूसरे को सपोर्ट करना हमारा रवैया रहा है। सभी का मानना ??था कि हमें सिर्फ एक जीत की जरूरत है। आज यह एक अद्भुत शुरुआत थी। 6 ओवरों में 70 रन बनाना हमेशा शानदार था। वक्त आने पर जिस तरह से सभी ने योगदान दिया। वह देखना अच्छा था।




**इस खिलाड़ी की तारीफ में खोला दिल**

रोमारियो शेफर्ड की हार्दिक पांड्या ने तारीफ करते हुए कहा कि उसने अच्छी हिटिंग की। उसने हमें गेम जिताया। मैच में रोमारियो ने अंतर पैदा किया। मैं उसे पसंद करता हूं। वह हमेशा हंसता रहता है। मैं सही समय आने पर गेंदबाजी करूंगा। रोमारियो शेफर्ड ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने 10 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और चार छक्के शामिल थे। शेफर्ड ने आखिरी ओवर में एनरिक नॉर्खिया के खिलाफ 32 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। हार्दिक पांड्या ने आज गेंदबाजी नहीं की। उन्होंने इस पर कहा कि मैं ठीक हूं। मैं सही समय पर गेंदबाजी करूंगा। हमने आज सब कुछ कवर कर लिया था। इसलिए मुझे गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम को पहली बार जीत मिली है। मुंबई इंडियंस की आईपीएल 2024 में ये पहली जीत है। इससे पहले शुरुआती तीन मैचों में मुंबई को हार झेलनी पड़ी थी। अब जीत के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या बहुत ही खुश नजर आए और उन्होंने रोमारियो शेफर्ड की तारीफ की है।

# रोमारियो शेफर्ड ने उड़ाई दिल्ली के गेंदबाज की धज्जियां

**नई दिल्ली**

आईपीएल के 17वें सीजन के 20वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना अपने होम ग्राउंड पर दिल्ली कैपिटल्स की टीम से हो रहा है। इस मैच में मुंबई को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला जिसके बाद उन्होंने 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 234 रनों का स्कोर बना दिया। मुंबई की तरफ से पारी के आखिरी ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी रोमारियो शेफर्ड का विस्फोटक अंदाज देखने को मिला जिसमें उन्होंने पारी के आखिरी ओवर में एनरिक नॉर्खिया के खिलाफ कुल 32 रन बना दिए।

मुंबई इंडियंस की टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इस मुकाबले में 19वें ओवर तक 5 विकेट के नुकसान पर 202 रन बना चुकी थी। इसके बाद पारी का आखिरी ओवर फेंकने आए एनरिक




नॉर्खिया की पहली गेंद पर रोमारियो शेफर्ड ने चौका लगा दिया। इसके बाद ओवर की अगली तीन गेंदों में शेफर्ड ने लगातार तीन छक्के जड़ दिए और पांचवीं गेंद पर चौका लगाने के साथ आखिरी गेंद को फिर बाउंड्री के पार पहुंचा दिया। इसी के साथ शेफर्ड ने इस ओवर में 2 चौके और चार छक्कों की मदद से कुल 32 रन बटोरने के साथ इस आईपीएल इतिहास में किसी पारी का दूसरा सबसे महंगा आखिरी ओवर बना दिया। रोमारियों के बल्ले से 10 गेंदों में 39 रनों की नाबाद पारी देखने को मिली, जिसमें उन्होंने कुल 3 चौके और 4 छक्के लगाए। रोहित शर्मा और ईशान किशन की ओपनिंग जोड़ी ने शानदार शुरुआत देते हुए पहले विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी की थी, इसी के दम पर मुंबई 200 से अधिक का स्कोर बनाने में सफल हो सकी। वहीं आईपीएल में अब मुंबई सबसे ज्यादा बार 200 प्लस स्कोर बनाने के मामले में संयुक्त रूप से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के बराबर आ गई है, जिसमें दोनों ने 24-24 बार ये कारनामा किया है।

# पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे निकले युजवेंद्र चहल

**नई दिल्ली**

आईपीएल 2024 के 19 मैचों के बाद पर्पल कैप और ऑरेंज कैप की रेस काफी रोमांचक हो गई है। ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली काफी आगे चल रहे हैं। वहीं, पर्पल कैप की रेस में काफी शानदार टक्कर देखने को मिल रही है। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमों के बीच खेले गए मैच के बाद स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल के सिर पर पर्पल कैप सज गई है।

**रोमांचक हुई पर्पल कैप की रेस**

राजस्थान रॉयल्स के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल इस सीजन में पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे निकल गए हैं। युजवेंद्र चहल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मैच में 4 ओवर गेंदबाजी करते हुए 34 रन दिए और 2 विकेट अपने नाम किए। इसी के साथ चहल के इस सीजन में 4 मैच में 8 विकेट हो गए हैं। वहीं, इस



लिस्ट में दूसरे नंबर पर मोहित शर्मा हैं। उन्होंने 4 मैचों में 7 विकेट लिए हैं। मुस्तफिजुर रहमान 3 मैचों में 7 विकेट के साथ लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं।

**ऑरेंज कैप पर विराट का दबदबा बरकरार**

दूसरी ओर ऑरेंज कैप विराट कोहली के सिर पर ही सजी हुई है। विराट कोहली ने 5 मैचों में 105.33 की औसत से 316 रन बना लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 2 अर्धशतक और 1 शतक लगाया है। वहीं, दूसरे नंबर पर रियान पराग हैं। रियान पराग ने 4 मैचों में 185 रन बनाए हैं। संजू सैमसन 4 मैचों में 178 रनों के साथ लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। हेनरिक क्लासेन 4 मैचों में 177 रन के साथ चौथे नंबर पर हैं।

# मयंक यादव से डर गया गुजरात टाइटंस का ये धाकड़ बल्लेबाज

**नई दिल्ली**

आईपीएल 2024 का 21वां मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें तैयार हैं। लखनऊकी टीम ने मौजूदा सीजन में अभी तक 3 तीन मुकाबले खेले हैं, जिसमें से दो में जीत हासिल की है। टीम चौथे नंबर पर मौजूद है। गुजरात टाइटंस ने चार मैच खेले हैं, जिसमें दो में जीत हासिल की है। टीम सातवें नंबर पर है। ऐसे में टॉप 4 में अपनी जगह बनाने के लिए जीटी की टीम यह मैच खेलेगी। वहीं लखनऊकी टीम अपनी जगह मजबूत करने के लिए। ऐसे में फैंस को कांट की टक्कर की उम्मीद है। इसी बीच जीटी के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर ने मयंक यादव को लेकर बड़ा बयान दिया है।लखनऊसुपर जायंट्स के मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से इस सीजन में बल्लेबाजों को इतना परेशान कर दिया है कि गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को अपने साथी खिलाड़ियों को सुझाव दे डाला कि जब




वे अगले मैच में मयंक यादव का सामना करें तो उन पर शॉट लगाए या फिर सावधानी से खेलकर उनके ओवर निपटा दें। मयंक यादव की सटीक लेंथ और तेज गेंदबाजी ने इस सीजन लखनऊसुपर जायंट्स को सभी टीमों से अलग बना दिया है और उन्होंने टीम को काफी मजबूती दिलाई है। मयंक इस सीजन सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक बन गए हैं।

आईपीएल 2024 में मयंक यादव ने दो मैच में छह विकेट झटके हैं जिसमें उनका औसत 6.83 का रहा है। मिलर इंजरी के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा मयंक यादव को लेकर कहा कि इस युवा तेज गेंदबाज को इतनी ऊर्जा से गेंदबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा था।

# वर्ल्ड कप से पहले जोफ्रा आर्चर को लेकर सामने आई बड़ी अपडेट

**नई दिल्ली :** वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में जून 2024 में टी20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा, जिसमें इस बार कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इंग्लैंड टीम के लिए इस मेगा टूर्नामेंट से पहले एक अच्छी खबर सामने आ रही है जो लंबे समय से चोटिल चल रहे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को लेकर है। आर्चर जो पिछले कुछ सालों से लगातार चोटिल होने की वजह से कई बड़ी सीरीज और टूर्नामेंट में नहीं खेल सके वह टी20 वर्ल्ड कप से पहले मैदान पर वापसी करते हुए दिख सकते हैं। इसको लेकर इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के प्रबंधक रॉब की ने अपने बयान में साफ किया है।

जोफ्रा आर्चर हाल ही में भारत में थे जिसमें वह ससेक्स की तरफ से सीजन शुरू होने से पहले चल रही तैयारियों का हिस्सा थे। अभी जोफ्रा आर्चर बारबाडोस में हैं और क्लब स्तर पर खेल रहे हैं, ताकि खुद की फिटनेस को परख सके। ईएसपीएन क्रिकइंफो पर इंग्लैंड मेंस क्रिकेट प्रबंधक रॉब की ने दिए अपने बयान में बताया कि आगामी गर्मी में जोफ्रा टेस्ट



क्रिकेट में तो नहीं खेलेंगे लेकिन वह जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में खेलने के लिए जरूर पूरी तरह से तैयार होंगे। जोफ्रा पाकिस्तान के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप से होने वाली सीरीज में मैदान पर वापसी कर सकते हैं।

## संक्षेप खबरें

### विराट कोहली ने कढछ में रचा इतिहास, सभी खिलाड़ियों को छोड़ा पीछे



**विराट कोहली** ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार शतक जड़ दिया। उन्होंने 113 रन बनाए। लेकिन उनके शतक के बाद भी आरसीबी को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में आरसीबी के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। मैच में कोहली ने बल्ले के अलावा फील्डिंग में कमाल दिखाया। अच्छी फील्डिंग की बदौलत ही उन्होंने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

विराट कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में यश दयाल की गेंद पर रियान पराग का अच्छा कैच पकड़ा। इसी के साथ वह आईपीएल के इतिहास में फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सुरेश रैना को पीछे कर दिया है। कोहली के आईपीएल में 110 कैच हो गए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रैना हैं। उनके नाम 109 कैच दर्ज हैं। आईपीएल में केवल तीन ही ऐसे प्लेयर्स हैं, जिन्होंने आईपीएल में 100 से ज्यादा कैच लिए हैं। इनमें विराट कोहली, सुरेश रैना और कीरोन पोलार्ड शामिल हैं।

आरसीबी के खिलाफ मैच में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

मैच में आरसीबी ने राजस्थान को जीतने के लिए 184 रनों का टारगेट दिया, जिसके जवाब में राजस्थान ने जोस बटलर के शतक की मदद से टारगेट चेज कर लिया। आरसीबी के लिए कोहली ने 113 रन बनाए। वहीं फाफ डु प्लेसिस ने 44 रन बनाए। लेकिन इन दोनों प्लेयर्स के अलावा कोई बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया।

### मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराया




**नई दिल्ली** । 2024 का 20वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला गया।

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 234 रनों का स्कोर बनाया। टीम के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। बड़े टारगेट का पीछा करते उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम 205 रन ही बना पाई। मुंबई के लिए गेंदबाजों और बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया।

### युवराज सिंह नही खुश अभिषेक शर्मा की पारी से, ट्वीट कर अपने अंदाज में लगाई डांट

आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद टीम की तरफ से अभी तक बल्लेबाजी के मोर्चे पर शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। टीम की तरफ से पारी की शुरुआत करने वाले बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा लगातार धुआंधार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में भी जब सनराइजर्स हैदराबाद की टीम को 166 रनों का टारगेट मिला तो अभिषेक ने सिर्फ 12 गेंदों में 37 रनों की पारी खेलने के साथ मुकाबले को शुरू में एकतरफा करने का काम किया। हालांकि अभिषेक की इस शानदार पारी के बावजूद पूर्व भारतीय खिलाड़ी और सिक्सर किंग के नाम से पहचाने जाने वाले युवराज सिंह ने उनके आउट होने के तरीके पर नाखुशी जाहिर की है।

# रोहित शर्मा ने रच दिया दिया इतिहास, ऐसा करने वाले बने पहले भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन के 20वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले से टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड बनते हुए देखने को मिला। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद मुंबई इंडियंस की तरफ से ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत करने उतरे रोहित शर्मा आज अपने पुराने अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए नजर आए। हालांकि वह 27 गेंदों में 49 रनों की पारी खेलकर आउट हो गए जिसमें 6 चौके और 3 छक्के भी देखने को मिले। इसी के साथ रोहित ने टी20 क्रिकेट में एक ऐसा कारनाम कर दिया जो इससे पहले कोई भी भारतीय खिलाड़ी करने में कामयाब नहीं हो सका था।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में रोहित शर्मा कुल 9 बाउंड्री लगाने के साथ टी20 क्रिकेट में अब 1508 बाउंड्री हो गए हैं, जिसके बाद रोहित इस फॉर्मेट में पहले ऐसे भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं, जिनके नाम 1500 से अधिक बाउंड्री लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। रोहित के बाद टी20 क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने की लिस्ट में दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं, जिनके नाम पर कुल 1486 बाउंड्री हैं। वहीं वर्ल्ड क्रिकेट में टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बाउंड्री लगाने के रिकॉर्ड को देखा जाए तो उसमें क्रिस गेल पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने अब तक कुल 2196 बाउंड्री लगाई हैं।



> इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद मुंबई इंडियंस की तरफ से ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत करने उतरे रोहित शर्मा आज अपने पुराने अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए नजर आए। हालांकि वह 27 गेंदो में 49 रनो की पारी खेलकर आउट हो गए जिसमें 6 चौके और 3 छक्के भी देखने को मिले। इसी के साथ रोहित ने टी20 क्रिकेट में एक ऐसा कारनाम कर दिया जो इससे पहले कोई भी भारतीय खिलाड़ी करने में कामयाब नही हो सका था।

रोहित शर्मा ने इस आईपीएल सीजन में अब तक एकबार भी 50 रनों का आंकड़ा पार करने में कामयाब नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने टीम को तेज शुरुआत देने में अहम भूमिका अदा की। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला जब रोहित ने ईशान किशन के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 75 रनों की साझेदारी कर दी। रोहित अब तक इस सीजन में 4 मैचों में 118 रन बना चुके हैं।

